प्रधान संपादक : शिव श्रीवास्तव
रांची संस्करण
मंगलवार 18 फरवरी 2025
● वर्ष 03 ● अंक 184
● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2/- रुपया

श्रमेव जयते, स्पष्टमेव जयते
# श्रमबिन्दु
37 वर्ष 1987-2024
रांची, धनबाद, भिलाई एवं बस्तर से एक साथ प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र



डाक पंजीयन क्रं. छ. ग. / दुर्ग/ 13/ 2021- 23 E-mail : srambindu@gmail.com | shrambindu@yahoo.in आर.एन.आई. पंजी. क्रं. 54135/88




# प्रदेश अध्यक्ष की रेस में चल रहे रघुवर दास सहित इन नेताओं के नाम!

- झारखंड बीजेपी में नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी के लिए घमासान
- केंद्रीय नेतृत्व की नजर ओबीसी नेताओं पर, राजनीति को मिलेगा बढ़ावा
- रघुवर दास और आदित्य प्रसाद साहू संभावित दावेदारों में शामिल




**रांची:** झारखंड बीजेपी में नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी के लिए घमासान मचा है। कौन नेता प्रतिपक्ष बनेगा और कौन प्रदेश अध्यक्ष? इस पर अभी सस्पेंस बना हुआ है। ओबीसी, सामान्य और अनुसूचित जाति/जनजाति के नेताओं के बीच कुर्सी की दौड़ शुरू हो गई है। इसमें कई नेताओं के नाम चल रहे हैं। केंद्रीय नेतृत्व की नज़र ओबीसी नेताओं पर है, जिससे ओबीसी राजनीति को बढ़ावा मिल सकता है। इन नियुक्तियों से पार्टी की अगले पांच साल की रणनीति तय होगी। कई नेता दिल्ली में संपर्क साध रहे हैं, और अमित शाह से मिलने की होड़ मची है।

झारखंड बीजेपी में फिलहाल, प्रदेश अध्यक्ष पद की चर्चा ज़्यादा गरमाई हुई है। इस पद के लिए कौन सा चेहरा चुना जाएगा, यह इस बात पर निर्भर करता है कि नेता प्रतिपक्ष कौन बनता है। दरअसल नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश अध्यक्ष पद एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। अगर बाबूलाल मरांडी नेता प्रतिपक्ष बनते हैं, तो प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी किसी ओबीसी नेता को मिलेगी। लेकिन अगर नेता प्रतिपक्ष सामान्य या पिछड़ा वर्ग से होता है, तो प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति या जनजाति से होगा। दिल्ली से आ रही खबरों के मुताबिक, प्रदेश अध्यक्ष के लिए बीजेपी का शीर्ष नेतृत्व ओबीसी नेताओं पर ज्यादा ध्यान दे रहा है। यदि ऐसा हुआ, तो झारखंड बीजेपी एक बार फिर ओबीसी राजनीति को प्रमुखता देगी। इस दौड़ में पूर्व मुख्यमंत्री और हाल ही में ओडिशा के राज्यपाल पद से इस्तीफा देने वाले रघुवर दास भी शामिल हैं।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि इन दोनों पदों की नियुक्ति के जरिए बीजेपी अगले पांच साल के लिए अपनी राजनीतिक और सामाजिक रणनीति को आकार देगी। इसके अलावा, विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक और सचेतक की नियुक्तियों पर भी चर्चा जारी है।इस बीच, कई सांसद, विधायक और वरिष्ठ नेता दिल्ली में अपने संपर्कों को मजबूत करने में जुटे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करने की होड़ भी तेज हो गई है। हाल ही में राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू और धनबाद सांसद ढुलू महतो ने संयुक्त रूप से शाह से मुलाकात की, जबकि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने उनसे अलग से भेंट की। इन मुलाकातों को प्रदेश अध्यक्ष पद की दावेदारी से जोड़कर देखा जा रहा है।

# कैद काट रहे 37 कैदियों को मिला 'आजादी' का तोहफा, जल्द होंगे रिहा

- 37 उम्र कैदियों की रिहाई का निर्णय लिया गया
- रिहाई में न्यायालयों के निर्णय पर विचार किया गया
- सीएम ने कैदियों के सामाजिक और आर्थिक सत्यापन के निर्देश दिए
- रिहा कैदियों को स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम से जोड़ा जाएगा



**रांची।** झारखंड की विभिन्न जेलों में उम्रकैद की सजा काट रहे 37 कैदियों को रिहा किया जाएगा। यह निर्णय सोमवार को सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक में लिया गया। बैठक में आजीवन सजा काट रहे 103 कैदियों की रिहाई से संबंधित मामलों का रिव्यू किया गया। एक-एक कैदी की फाइल पर मंथन के बाद 37 कैदियों को रिहा किए जाने पर सहमति बनी। रिहाई का निर्णय लेते हुए न्यायालयों के निर्णय, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक और प्रोबेशन पदाधिकारी के मंतव्य पर विचार किया गया।

सीएम हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रिहा किए जा रहे कैदियों की फैमिली बैकग्राउंड, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का वेरिफिकेशन करें और उनके जीवन यापन के लिए आय के साधन सृजित हों, इसकी योजना बनाएं। उन्होंने सभी को स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम से जोड़ने और उन्हें डेयरी फार्म, मुर्गी फार्म, पशुपालन आदि योजनाओं का लाभ दिलाने का सुझाव दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिहा हो रहे कैदियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कहा कि रिहा हुए कैदियों का सामाजिक, आर्थिक एवं पारिवारिक पृष्ठभूमि का सत्यापन जरूर करें। कारा महानिरीक्षक को निर्देश दिया गया कि रिहा किए जा रहे कैदियों का ट्रैक रिकॉर्ड अवश्य रखें। जिलों के पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों को भी रिहा किए कैदियों का ट्रैक रिकॉर्ड रखने के साथ-साथ सभी गतिविधियों की निरंतर मॉनिटरिंग का निर्देश दिया गया।

सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव-सह-विधि परामर्शी नलिन कुमार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, रांची के न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय, झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता, कारा महानिरीक्षक झारखंड सुदर्शन प्रसाद मंडल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज़ अपडेट

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज 289 युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी ) की ओर से 289 पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।

यह कार्यक्रम प्रोजेक्ट भवन में आयोजित किया जाएगा।नगर सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के तहत मुख्यमंत्री जिन पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटेंगे, उन पदों में गार्डेन अधीक्षक, वेटनरी ऑफिसर, सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर, सेनेटरी सुपरवाइजर, राजस्व निरीक्षक और विधि सहायक का पद शामिल है। राज्य सरकार ने राज्य के विभिन्न विभागों में खाली पदों को भरने के लिए प्रक्रिया तेज कर दी है। इसके तहत कुल 289 पदों पर नियुक्ति की जायेगी।

### नये सीइसी के चयन पर बैठे मोदी और राहुल, कांग्रेस बोली- बैठक अभी रद्द हो




**नयी दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीइसी) राजीव कुमार के 18 फरवरी को सेवानिवृत्त होने से पहले नए सीइसी की नियुक्ति के लिए सोमवार को चयन समिति की अहम बैठक आयोजित की गयी। पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई समिति की बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शामिल थे। बैठक में कांग्रेस ने सरकार को सुझाव दिया है कि सीइसी चयन की बैठक तब तक के लिए टाल दी जानी चाहिए थी, जब तक कि सुप्रीम कोर्ट में इस मुद्दे पर सुनवाई न हो जाये।

दरअसल, कांग्रेस ने चयन समिति में पदाधिकारियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। नये मुख्य चुनाव आयुक्त को लेकर कांग्रेस सरकार से कांग्रेस नेता अजय माकन ने कहा कि सीइसी के चुनाव से संबंधित एक बैठक हुई। कांग्रेस पार्टी का मानना है कि चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इस मामले की सुनवाई 19 फरवरी को होगी। समिति की संरचना पर निर्णय दिया जायेगा, ऐसे में यह बैठक स्थगित की जानी चाहिए थी। बैठक में राहुल गांधी ने हिस्सा लिया, लेकिन कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सीइसी के चयन पैनल से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटाकर केंद्र सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह चुनाव आयोग की निष्पक्षता नहीं, बल्कि उस पर नियंत्रण चाहती है।

# दिल्ली रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री बंद, भीड़ नियंत्रण करने उठाया कदम

**वहीं प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन को 28 फरवरी तक के लिए किया बंद**




**एजेंसी। नई दिल्ली/प्रयागराज**

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अब काउंटर से प्लेटफॉर्म टिकट नहीं बेचे जाएंगे। वहीं महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनजर प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन को 28 फरवरी तक बंद कर दिया गया है। रेलवे प्रशासन ने ये दोनों ही निर्णय स्टेशन पर बढ़ती भीड़ और हाल ही में हुई भगदड़ की दुःखद घटना को ध्यान में रखते हुए लिया है। दिल्ली रेलवे प्रशासन के अनुसार, अब केवल आरक्षित टिकट धारकों को ही स्टेशन में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। भीड़ नियंत्रण के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और वाणिज्यिक कर्मचारियों की तैनाती बढ़ाई गई है। इसके अतिरिक्त, महाकुंभ के श्रद्धालुओं और अन्य यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने विभिन्न इंतजाम किए हैं। रेलवे द्वारा कई प्रमुख स्टेशनों पर क्या मैं आपकी मदद कर सकता हूं बूथ स्थापित किए गए हैं, ताकि यात्रियों को आवश्यक सहायता मिल सके। साथ ही, टिकट कलेक्टरों, हेड टिकट कलेक्टरों, आरपीएफ और वाणिज्यिक कर्मचारियों की तैनाती बढ़ा दी गई है। जरूरत पड़ने पर भीड़ नियंत्रण के लिए तत्काल हस्तक्षेप किया जाएगा। इसी के साथ रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे स्टेशन पर अनावश्यक भीड़ न बढ़ाएं और अपनी यात्रा की योजना पहले से तय करें। यह निर्णय यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक महाकुंभ के लिए ट्रेनों में बढ़ती श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन के अनुरोध पर रेलवे ने संगम रेलवे स्टेशन को बंद करने का फैसला लिया है। इसके तहत प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन सोमबार 17 फरवरी से 28 फरवरी तक के लिए बंद कर दिया गया। गौरतलब है कि शनिवार रात प्रयागराज में महाकुंभ के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मच गई थी।

### नई दिल्ली में प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री बंद, स्टेशन पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सीआरपीएफ तैनात

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने यात्रियों की सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री पर अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया है। अगले एक हफ्ते तक नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शाम 4 बजे से रात 11 बजे के बीच प्लेटफॉर्म टिकट जारी नहीं किए जाएंगे। वहीं भीड़ को नियंत्रित करने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और दिल्ली पुलिस को तैनात किया गया है। उत्तर रेलवे के सीपीआरओ हिमांशु शेखर उपाध्याय ने सोमवार को कहा कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शाम 4 बजे से रात 11 बजे तक प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री अगले एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि शनिवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के कारण 18 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

# चुनाव आयोग को अलविदा कहा राजीव कुमार ने



**नई दिल्ली/एजेन्सी।** निवर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने सोमवार को कहा कि भारतीय चुनाव प्रणाली दुनिया की सबसे बड़ी और पारदर्शी चुनाव प्रणालियों में से एक है तथा देश लोकतंत्र का एक चमकता प्रकाश–स्तम्भ है।

देश के 25वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री कुमार का भारतीय निर्वाचन आयोग में मंगलवार को आखिरी दिन है। उन्होंने राजधानी में आयोग के मुख्यालय पर आयोजित विदाई समारोह में कहा, भारत को लोकतांत्रिक व्यवस्था अपने गुणों के साथ दुनिया के तमाम देशों के लिए प्रेरणा का विषय है। हमें अपनी इस 'सॉफ्ट पावर' (इस प्रतिष्ठा की शक्ति) का फायदा उठान चाहिए।

कुमार ने कहा, मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि मैं आयोग को अधिक समर्थ, प्रतिबद्ध और पेशेवर हाथों में छोड़कर विदा ले रहा हूं।

उन्होंने आयोग को लेकर समय–समय पर उठाए जाने वाले सवालों का भी उल्लेख किया और कहा, एक संस्था के रूप में चुनाव आयोग पर अक्सर अनुचित आरोप लगते रहते हैं और ये आरोप लोगों की तरफ से होते हैं, जो चुनावी परिणाम को स्वीकार करने को तैयार नहीं होते हैं।

उन्होंने चुनाव के बाद आयोग को निशाना बनाने की बढ़ती प्रवृत्ति को एक बड़ी चिंता का विषय बताया और कहा कि मान लिया गया है कि इस संस्था को बड़ी आसानी से बलि का बकरा बनाया जा सकता है।

**एक संस्था के रूप में चुनाव आयोग पर अक्सर अनुचित आरोप लगते रहते हैं और ये आरोप लोगों की तरफ से होते हैं, जो चुनावी परिणाम को स्वीकार करने को तैयार नहीं होते हैं।**

## मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किए गए ज्ञानेश कुमार



**नई दिल्ली/भाषा।** निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को सोमवार को नया मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया है। कानून मंत्रालय ने यह जानकारी दी। कुमार निर्वाचन आयोग के सदस्यों की नियुक्ति के नए कानून के तहत नियुक्त होने वाले पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त हैं। उनका कार्यकाल 26 जनवरी, 2029 तक रहेगा, जिसके कुछ दिन बाद निर्वाचन आयोग अगले लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा कर सकता है। हरियाणा कैडर के 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी विवेक जोशी को निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया है।

कुमार 26वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान इस वर्ष के अंत में बिहार विधानसभा चुनाव और 2026 में केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों की जिम्मेदारी संभालेंगे।

# जमा बीमा की सीमा पांच लाख रुपए से बढ़ाने पर विचार कर रही है सरकार

**मुंबई/भाषा।** वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम. नागराजू ने सोमवार को कहा कि सरकार जमा बीमा की सीमा को मौजूदा के पांच लाख रुपये से बढ़ाने पर सक्रियता से विचार कर रही है। न्यू इंडिया को–ऑपरेटिव बैंक का कथित घोटाला सामने आने के कुछ दिन बाद नागराजू ने कहा कि इस तरह के प्रस्ताव पर काम जारी है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की मौजूदगी में संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा, मुद्दा बीमा सीमा बढ़ाने का है... इसपर सक्रियता से विचार किया जा रहा है। जैसे ही सरकार मंजूरी देगी, हम इसकी अधिसूचना जारी कर देंगे। हालांकि, नागराजू ने न्यू इंडिया को–ऑपरेटिव बैंक के संकट पर कुछ भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि इस मामले को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) देख रहा है।

जमा बीमा दावा तब शुरू होता है जब कोई ऋणदाता डूब जाता है। पिछले कुछ वर्षों में निक्षेप बीमा व प्रत्यय गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) ऐसे दावों का भुगतान करता रहा है। यह निकाय अपने द्वारा प्रदान किए जाने वाले कवर' के लिए बैंकों से प्रीमियम एकत्र करता है और अधिकतर दावे सहकारी ऋणदाताओं के मामले में किए गए हैं। गौरतलब है कि कि पीएमसी बैंक घोटाले के बाद डीआईसीजीसी बीमा सीमा 2020 में एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दी गई थी।

आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने कहा कि सहकारी बैंकिंग क्षेत्र आरबीआई की निगरानी में अच्छी तरह विनियमित है।

# विदेश भेजने के नाम पर युवाओं को ठगने वाले सात जालसाज गिरफ्तार

**पीलीभीत (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में पुलिस ने फर्जी अंकपत्र के जरिए विदेश भेजने का झांसा देकर युवाओं को ठगने वाले गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) विक्रम दहिया ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है और दो फरार आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की जा रही है।

न्यूज़ अपडेट

## गदरा में आनंद मार्ग प्रचारक संघ ने फलदार पौधे व वस्त्र किया वितरित



**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ की ओर से गदरा के दुपुडांग बस्ती में तीन स्थानों पर तत्व सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों के बीच 200 फलदार पौधे, 25 साड़ियां और 25 धोती का वितरण किया गया। सभा में सुनील आनंद ने बलि प्रथा और डायन प्रथा के उन्मूलन पर जोर देते हुए कहा कि मन की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर ही इन कुरीतियों को समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि परमात्मा हर मनुष्य के हृदय में वास करते हैं, जिन्हें आध्यात्मिक साधना से जानना संभव है। उन्होंने समाज में व्याप्त अंधविश्वास पर प्रहार करते हुए कहा कि सांप-बिच्छू के काटने या बीमारी की स्थिति में झाड़-फूंक का सहारा न लें, बल्कि सरकारी अस्पताल में उचित इलाज कराएं। ओझा-गुनी के चक्कर में पड़ना मानसिक कमजोरी का प्रतीक है और इससे केवल आर्थिक व मानसिक नुकसान होता है। सुनील आनंद ने बलि प्रथा को समाज के विकास में बाधक बताया और कहा कि भगवान के नाम पर बलि देना गलत है। उन्होंने लोगों से आ''ान किया कि वे परमात्मा के भजन-कीर्तन से अपनी मानसिक शक्ति को मजबूत करें और अंधविश्वास से दूर रहें।

## बड़बिल में फ्री आई चेकअप कैंप में 1250 लोगों ने करायी नेत्र जांच

**बड़बिल।** जेएसडब्ल्यू और सेवा ग्रुप द्वारा आयोजित पांच दिवसीय निशुल्क नेत्र जांच शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि बड़बिल मुंशी पार्टी के एग्जीक्यूटिव ऑफिसर रमेश चंद्र नायक और जेएसडब्ल्यू के सीएसआर



हेड सफल झा उपस्थित रहे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि ष्नेत्रदान महादान हैष् और सेवा ग्रुप द्वारा आयोजित यह शिविर समाज के लिए एक सराहनीय पहल है। शिविर में लोगों की भारी भीड़ को देखते हुए इसे दो दिन और बढ़ा दिया गया। शिविर में कुल 1250 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया, जिन सभी को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। इसके अलावा, 16 फरवरी को 36 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन सेवा ग्रुप के सहयोग से हेमा हॉस्पिटल, क्योंझर में कराया गया। इस पहल से स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिली और नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी।

## जुगसलाई पुरानी बस्ती रोड में देर रात युवक को मारी गोली

**जमशेदपुर।** जुगसलाई थाना क्षेत्र के पुरानी बस्ती रोड में रविवार देर रात अज्ञात बदमाशों ने मोहम्मद इरशार नामक युवक को गोली मार दी। घायल इरशार को टीएमएच (टाटा मुख्य अस्पताल) में भर्ती कराया गया, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मोहम्मद इरशार घर के बाहर खड़ा था, तभी दो युवक वहां पहुंचे और उसे आवाज दी। जैसे ही वह उनके पास गया, बदमाशों ने उस पर गोलियां चला दीं। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। सूत्रों के मुताबिक, इरशार ब्राउन शुगर के कारोबार से जुड़ा था, और इस हमले में भाकुड़ नामक युवक का नाम सामने आ रहा है, जो आपराधिक प्रवृत्ति का बताया जाता है। दोनों के बीच किसी विवाद के चलते गोलीबारी हुई। पुलिस ने मौके से खोखा बरामद किया है और आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## बागबेड़ा में दंपति पर जानलेवा हमला, पुलिस की निष्क्रियता पर उठे सवाल

**जमशेदपुर।** बागबेड़ा थाना क्षेत्र के गाड़ाबासा गोवर्धन बाबा मंदिर के पास सुमन देवी और उनके पति अजीत सिंह पर पड़ोसियों द्वारा जानलेवा हमला किए जाने का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। खास बात यह है कि हमला पुलिस की मौजूदगी में होने का दावा किया जा रहा है। घटना में सुमन देवी और अजीत सिंह के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। घायल दंपति का एमजीएम अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि शिकायत के बावजूद पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है, जिससे परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। रविवार शाम आरोपियों ने पीड़ित परिवार के घर का दरवाजा खटखटाया और बाहर आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। इसको लेकर अजीत सिंह और उनकी पत्नी सुमन देवी ने बागबेड़ा थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन उसी समय आरोपियों ने फरसा और रॉड से दंपति पर हमला कर दिया। हमले में सुमन देवी की बेटी भी घायल हुई। पीड़ित परिवार ने सोने की चेन, झुमका, घड़ी और 2000 रुपये लूटने का भी आरोप लगाया। घटना में शामिल आरोपियों में रासबिहारी चंद्रवंशी, डब्लू चंद्रवंशी, लालबाबू चंद्रवंशी, सुमित्रा देवी, विभा देवी, बेबी देवी, सुनिता देवी, सुमित कुमार समेत 10-15 अन्य लोग शामिल थे। पीड़ित अजीत सिंह का कहना है कि हमलावर उनके मकान को तोड़कर वहां नाला निकालने की योजना लंबे समय से बना रहे थे। इसकी शिकायत पहले भी कई बार पुलिस को दी गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस की निष्क्रियता को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है और बागबेड़ा पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

## फाइनांस कंपनी के एजेंट ने सोनारी के युवक पर चापड़ से किया हमला

**जमशेदपुर।** सोनारी के आदर्श नगर के रहने वाले अमित गिरी ने जब बाइक की किस्ती का पैसा फाइनांस कंपनी के एजेंट को समय पर नहीं दिया तब आज जुबली पार्क में घुसकर उसपर चापड़ से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया. घटना के बाद परिवार के सदस्यों ने अमित को ईलाज के लिए टीएमएच में भर्ती कराया है. यहां पर उसकी हालत काफी गंभीर है। अमित गिरी अपने एक दोस्त के साथ स्पलेंडर बाइक से जुबली पार्क में खड़ा था. इस बीच ही फाइनांस कंपनी का एजेंट वहां पर पहुंच गया और अमित से बाइक की चाभी छिनने लगा था. इसका विरोध करने पर एजेंट ने चापड़ निकाला और उसपर ताबड़तोड़ चलाने लगा. घटना में अमित के बांए हाथ और पीठ पर गंभीर चोटें आई है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाएं हाथ का मांस का लोथड़ा भी बाहर आ गया है. घटना के बाद अमिता को ईलाज के लिए टीएमएच में भर्ती कराया गया है. यहां पर उसकी हालत काफी गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद बिष्टूपुर पुलिस ने आरोपी फाइनांस कंपनी के एजेंट को गिरफ्तार कर लिया है. इसके बाद उसे थाने पर लाकर पूछताछ भी की जा रही है. पुलिस यह जानना चाह रही है कि आखिर उसे चापड़ से हमला करने की नौबत क्यों आयी।

# टाटानगर रेलवे स्टेशन के रीडेवलपमेंट के कारण 200 एकड़ से हटेंगे कई निर्माण, जून से शुरू होगा काम

- - बर्मामाइंस इंट्री को बनाया जायेगा नॉर्थ स्टेशन बिल्डिग
- - पुराने गेट को साउथ स्टेशन बिल्डिग के तौर पर विकसित किया जायेगा
- - 78.72 एकड़ में होगा निर्माण, बचे एरिया में लॉजिस्टिक से जुड़ी सेवाएं रहेंगी




जमशेदपुर (शंकर अग्रवाल)।

टाटानगर रेलवे स्टेशन के रीडेवलपमेंट का काम जून से शुरू हो जायेगा. इसका टेंडर निकल चुका है, जिसको मार्च तक फाइनल कर लिया जाना है. इस स्टेशन का मास्टर प्लान बना दिया गया है। वहीं, इसका पूरा डीपीआर तैयार कर लिया गया है. स्टेशन बनाने की पूरी प्लानिंग के साथ इसके निर्माण की क्या तकनीक होगी, यह भी तय हो चुकी है. अब तक की रणनीति के मुताबिक, पहले और सेकेंड इंट्री को नये रूप में बनाया जायेगा. क्षेत्र के आर्थिक विकास के एक स्तंभ के रूप में स्टेशन को विकसित किया जायेगा. इसके तहत कुल 200 एकड़ में से 78.72 एकड़ में निर्माण कार्य होगा, बाकी बचे हुए एरिया में लॉजिस्टिक से जुड़ी सेवाएं संचालित होंगी. इस दौरान कई पुराने निर्माण को तोड़ा जायेगा। पुराने स्टेशन गेट को साउथ स्टेशन बिल्डिंग के रूप में विकसित किया जायेगा. यहां क्षेत्र पैदल चलने वालों के लिए होगा, जिसमें फूड कियोस्क, कुली काउंटर, टैक्सी बूथ, हेल्प डेस्क, पे एंड यूज टॉयलेट, सिट आउट, प्लाजा शेड, सुरक्षा की व्यवस्था होगी. इसी तरह आगमन का क्षेत्र होगा, जिसमें फूड कियोस्क, दुकानों की जगह होगी, जो सीधे फूट ओवरब्रिज से जुड़ेगी. इसके अलावा प्रस्थान स्थल होगा, जहां रेलवे के ऑफिस, बुकिंग इंक्वायरी, वेटिंग एरिया, रिटेल स्पेशल, क्लॉक रुम, बच्चों के खेलने का स्थान होगा. इसको पहले फ्लोर से जोड़ा जायेगा, ताकि यात्री एक से दूसरे प्लेटफॉर्म तक जा सकें। बर्मामाइंस के सेकेंड इंट्री को नॉर्थ स्टेशन बिल्डिंग बनाया जायेगा, जहां सारी सुविधाएं पुराने गेट की तरफ होगी. दोनों ही एरिया को कनेक्ट करने के लिए बीच में एक सेतु एयर कानकोर्स होगा. इसमें लगभग 576 लोगों के बैठने की जगह होगी. 18.5 मीटर की ऊंचाई पर यह बनेगा. इसकी चौड़ाई 4776 वर्ग मीटर का होगा। इन पुराने स्ट्रक्चर को तोड़ा जायेगाः- 1. वर्तमान के सीओपी प्लेटफॉर्म, 2. बर्मामाइंस सेकेंड इंट्री, 3. फेंसिंग एरिया, 4. रेल लेवल प्लेटफॉर्म, 5. टॉयलेट ब्लॉक, 6. अंडरग्राउंड टैंक, 7. 47254 वर्ग मीटर के एरिया को पूरा खाली कराया जायेगा। वित्तीय वर्ष 2061-2062 में हर दिन होगी 93740 यात्रियों की टाटानगर रेलवे स्टेशन से आवाजाहीः- टाटानगर रेलवे स्टेशन के नये विकसित मॉडल को भी टाटानगर रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शित किया गया है। इसके तहत उससे संबंधित जानकारी भी साझा की गयी है. जिसका शिलान्यास पीएम मोदी करेंगे. बताया गया है कि टाटानगर स्टेशन को अभी एनएसजी-2 कैटेगरी में रखा जायेगा. वर्तमान में यहां से रोजाना 44169 पैसेंजर यात्रा करते हैं, लेकिन एक आंकलन के अनुसार वित्तीय वर्ष 2061-2062 तक यहां रोजाना यात्रियों की संख्या 93740 हो जायेगी. पीक आवर ट्रैफिक अभी 4417 है, जो वित्तीय वर्ष 2061-2062 तक 9374 हो जायेगी. वर्तमान में टाटानगर स्टेशन पर 57 मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव होता है, जबकि 35 पैसेंजर ट्रेनें यहां से होकर गुजरती है. यहां से खुलने वाली मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों की संख्या 17 जोड़ी है, जबकि पैसेंजर भी 17 जोड़ी चलती है. प्रस्तावित नये स्टेशन मॉडल के तहत 200 एकड़ में इसको विकसित किया जायेगा. नया प्रोजेक्ट 78.71 एकड़ में बनेगा. नया स्टेशन बिल्डिग की ऊंचाई 150.0 मीटर होगी. कुल बिल्ट एरिया वर्तमान में 8800 वर्ग मीटर है, जो बढ़कर 34499 वर्ग मीटर हो जायेगी. दक्षिण की तरफ 18127 वर्ग मीटर, उत्तर की तरफ 11596 वर्ग मीटर और आगे 4776 वर्ग मीटर विस्तार होगा. गाड़ियों की भी संख्या बढ़ेगीः- अब तक के आंकलन के मुताबिक, गाड़ियों की संख्या भी बढ़ेगी. निजी कार से 2338 लोग, ऑटो से करीब 1403 लोग, दोपहिया से 935 लोग, टैक्सी से 2338 लोग, बस से 468 लोग और वाक या इंटरचेंज से 1870 लोग आयेंगे. इसके तहत रोजाना करीब 780 निजी कार, 701 ऑटो, 935 दोपहिया, 780 टैक्सी और 16 बसों के आने का अनुमान लगाया जा रहा है. यानी रोजाना 3212 गाड़ियां आयेंगी, जिसकी पार्किंग का इंतजाम होगा. एक बार में करीब दो हजार गाड़ियां यहां रूक सके, ऐसा इंतजाम किया जायेगा।

# झारखंड में पहली बार सेन्ट्रल जेलों में नशा मुक्ति केंद्र खोलने की पहल

## कोविड-19 के बाद जेलों में मानसिक स्वास्थ्य सेवा प्रभावित

जमशेदपुर/




रांची। झारखंड में पहली बार सेन्ट्रल जेलों में नशा मुक्ति केंद्र खोले जाएंगे, ताकि नशे और शराब की लत से जूझ रहे कैदियों की मदद की जा सके। राज्य सरकार ने इस कदम की पहल की है और जेल आईजी ने राज्य की सभी केंद्रीय जेलों से औपचारिक रूप से पत्राचार किया है, जिसमें घाघीडीह जेल जमशेदपुर, बिरसा मुंडा जेल होटवार, जेपी जेल हजारीबाग, सेन्ट्रल जेल दुमका, सेन्ट्रल जेल गिरिडीह, सेन्ट्रल जेल मेदिनीनगर और देवघर शामिल हैं। जेल अधीक्षकों को केंद्र स्थापित करने के लिए विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। महिला, बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग ने गृह, जेल और आपदा प्रबंधन विभाग के साथ मिलकर केंद्र सरकार के निर्देशों के आधार पर दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रस्तावों में साइट का चयन और बुनियादी ढांचे का विवरण शामिल होना चाहिए, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। झारखंड की जेलों में करीब 17,000 कैदी हैं, जिनमें से अधिकांश विचाराधीन हैं। कोविड-19 के बाद होटवार जेल में मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं बाधित हो गई थीं। पहले रिनपास (रांची इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो-साइकियाट्री एंड एलाइड साइंसेज) के डॉक्टर मानसिक रूप से बीमार कैदियों को नियमित उपचार देते थे। महामारी के बाद यह प्रथा बंद हो गई और यहां तक कि प्रभावित कैदियों को इलाज के लिए रिनपास ले जाने की व्यवस्था भी बंद कर दी गई। इससे मानसिक बीमारी और तनाव से पीड़ित कई कैदी बिना उचित चिकित्सा देखभाल के रह गए हैं। झारखंड पश्चिम बंगाल से प्रेरणा ले रहा है, जहां जेलों में नशा मुक्ति केंद्र पहले से ही संचालित हैं। शुरुआत में बंगाल की दो केंद्रीय जेलों ने इन केंद्रों को शुरू किया और अब तीन और जेलों में इन्हें स्थापित करने की प्रक्रिया चल रही है। इस पहल के लिए पश्चिम बंगाल जेल प्रशासन ने मिशनरीज ऑफ चौरिटी के साथ सहयोग किया है। जेल सुधारों के अलावा जमशेदपुर, रांची, बोकारो, धनबाद और हजारीबाग में सात नए वन स्टॉप सेंटर स्थापित किए जाएंगे। ये केंद्र हिंसा का सामना करने वाली महिलाओं को तत्काल सहायता प्रदान करेंगे। वर्तमान में झारखंड के 24 जिलों में से प्रत्येक में एक वन स्टॉप सेंटर है, लेकिन इन पांच जिलों में मांग को देखते हुए केंद्र सरकार ने केंद्र प्रायोजित योजना के तहत अतिरिक्त केंद्रों को मंजूरी दी है। महिला, बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग ने इस पहल के लिए योजना विभाग को पहले ही 10 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भेज दिया है।

## एक मार्च को होने वाली कोल्हान कांग्रेस समागम की तैयारी को लेकर बैठक

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में जिला स्तरीय तैयारी समिति की बैठक जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आगामी 1 मार्च को चांडिल प्रखंड के बाड़ामटांड, चावलीबासा में आयोजित कोल्हान प्रमंडल स्तरीय कांग्रेस समागम की



तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के आ''ान पर आयोजित इस महा समागम में पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसके लिए सभी जिला पदाधिकारियों, प्रखंड एवं मंडल अध्यक्षों तथा अग्रणी संगठनों को निर्धारित संख्या में वाहन लेकर कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया गया है। सेवादल के पदाधिकारीगण को ड्रेस कोड में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। कार्यक्रम के दौरान जिला कांग्रेस कमिटी का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष, विधायक दल के नेता एवं सुबोध कांत सहाय का स्वागत करेगा। साथ ही, नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी को कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय आने का आमंत्रण दिया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि निष्क्रिय पदाधिकारियों को जल्द ही पदमुक्त किया जाएगा। इसके अलावा, आगामी 9 मार्च को होली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी कांग्रेस नेता एवं पदाधिकारी शामिल होंगे। समागम में भाग लेने के लिए कांग्रेस नेतागण 1 मार्च को सुबह 10 बजे तिलक पुस्तकालय, बिष्टूपुर में एकत्र होकर चांडिल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## दलमा के आसपास के इको सेंसेटिव जोन के मकान व निर्माण चिह्नित

- 650 मकानों व निर्माण को शिफ्ट या हटाने की होगी कार्रवाई

**जमशेदपुर।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेश के बाद इको सेंसेटिव जोन दलमा के आसपास के क्षेत्र में किये गये निर्माण कार्यों की जांच पूरी कर ली गयी है। इस मामले में 906 लोगों को नोटिस दी गयी थी, जिसमें से 650 मकानों और निर्माण को इसके दायरे में पाया गया है. इन्हें शिफ्ट करने या हटाने की कार्रवाई की जा सकती है. हालांकि इसको लेकर वन विभाग या एनजीटी के आदेश के बाद गठित समिति के लोगों ने कोई जानकारी देने से इनकार किया है. कहा है कि अभी इस पर कुछ कहा नहीं जा सकता है. दलमा वन्यजीव अभयारण्य के इको सेंसेटिव जोन (इएसजेड) के दायरे में 522.98 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्र आता है। इसमें पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा, जमशेदपुर व गोलमुरी प्रखंड और सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल और नीमडीह प्रखंड के 136 गांव शामिल हैं. दलमा के इको सेंसेटिव जोन में नियमों का उल्लंघन कर 906 लोगों ने निर्माण कार्य किये हैं. इन सबको तीन नोटिस भेजी जा चुकी है. 906 में से कई लोग हाजिर हुए, लेकिन कई हाजिर नहीं हुए. ऐसे लोगों के खिलाफ अब एकतरफा कार्रवाई करने की तैयारी है। 2012 के बाद से लेकर आज तक के सारे निर्माण कार्य की जांच की गयी है, जिनका 2012 के पहले का निर्माण है, उसको राहत मिलेगी, लेकिन 2012 के बाद जिन लोगों ने इको सेंसेटिव जोन में काम किया है, उनके ऊपर कार्रवाई की जा सकती है. इसके तहत कई मकान मालिक और कारोबारी इसके दायरे में आयेंगे. डिमना, बालीगुमा, कांदरबेड़ा, मिर्जाडीह और पारडीह इलाकों के कई निर्माण कार्य हैं, जो इको सेंसेटिव जोन में प्रतिबंधित है. इनमें से ज्यादातर आसनबनी और शहरबेड़ा इलाके के मकान या निर्माण हैं।

# एमजीएम अस्पताल में तंबाकू मुक्त नीति लागू, उल्लंघन करने वालों पर 200 रुपये जुर्माना

जमशेदपुर।



मानगो के डिमना चौक स्थित महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) मेडिकल कॉलेज परिसर में बने अत्याधुनिक अस्पताल में सख्त तंबाकू मुक्त नीति लागू होने जा रही है। पान और गुटखा जैसे तंबाकू उत्पाद खाने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा और उल्लंघन करने वालों पर 200 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। अस्पताल प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं और जल्द ही आधिकारिक निर्देश जारी किए जाएंगे। पहुंचने पर मरीजों और उनके तीमारदारों को यह साबित करना होगा कि वे तंबाकू का सेवन नहीं कर रहे हैं। परिसर के अंदर नशीले पदार्थों का सेवन करते पकड़े जाने पर दंडित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य अस्पताल में बड़े पैमाने पर तंबाकू के इस्तेमाल पर रोक लगाना है। कई आगंतुक और यहां तक कि डॉक्टर भी धूम्रपान या तंबाकू चबाते पाए गए हैं, जिससे दीवारों पर दाग लग गए हैं और गंदगी फैल गई है। ''नया अस्पताल बहुत अच्छे से बना है। ऐसे में इसे साफ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। एमजीएम के उपाधीक्षक डॉ. जुझार मांझी ने कहा, तंबाकू का सेवन करके आने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा और उन्हें प्रवेश से रोक दिया जाएगा। इस नियम को लागू करने के लिए अस्पताल में 30 होमगार्ड जवानों को तैनात किया गया है, जिनमें से दो प्रवेश द्वार पर आने वाले मरीजों और आगंतुकों पर नजर रखेंगे। कड़ी निगरानी के लिए पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे। संदिग्ध व्यक्तियों से मुंह खोलने को कहा जा सकता है या उनकी जेब की जांच की जा सकती है। नशीले पदार्थों के साथ पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति पर सीधी कार्रवाई की जाएगी। परसुडीह के सदर अस्पताल में यह मॉडल पहले ही सफलतापूर्वक लागू किया जा चुका है। सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल ने कहा, श्सदर अस्पताल में तंबाकू का सेवन करने वालों की न केवल जांच की जाती है, बल्कि उन पर जुर्माना भी लगाया जाता है। अब यह प्रथा पूर्वी सिंहभूम जिले के सभी सीएचसी और पीएचसी में लागू की जाएगी।श अधिकारियों की योजना इस पहल को जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) तक विस्तारित करने की है ताकि अस्पताल में चौबीसों घंटे सफाई बनी रहे।

# जमशेदपुर में 19 और 20 फरवरी को गरज के साथ बारिश की संभावना, वज्रपात का येलो अलर्ट

जमशेदपुर।



जमशेदपुर शहर के लोगों के लिए अच्छी खबर है. फरवरी माह में ही तेज धूप की वजह से परेशान रहने वाले लोगों को एक बार फिर आंशिक राहत मिलने की संभावना है. 19 फरवरी से शहर के मौसम का मिजाज बदलेगा, जिससे लोगों को थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है. 21 और 22 फरवरी को गरज के साथ बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार 19 फरवरी से 20 फरवरी तक आसमान में बादल रहेगा. इस कारण धूप से लोगों को निजात मिलेगी, वहीं कुछ इलाकों में हल्की बूंदा-बांदी भी होगी, जबकि 21 और 22 फरवरी को गरज के साथ बारिश की संभावना है. हालांकि इससे तापमान में बहुत अधिक कमी नहीं होगी. दिन और रात दोनों ही तापमान लगभग पहले की ही तरह रहेगी। ट्रफ और साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर दिखने ही वाला है. झारखंड के अधिकतर हिस्से में 2 दिन तक गरज के साथ वज्रपात का अलर्ट जारी किया गया है. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को झारखंड के लिए मौसम पूर्वानुमान जारी किया है। इसमें कहा है कि समुद्र तल पर पश्चिमी विक्षोभ ट्रफ के रूप में देखा जा रहा है. राजस्थान और उससे सटे इलाके में साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है. मध्यप्रदेश के दक्षिणी-पश्चिमी हिस्से और उससे सटे इलाकों में भी साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है.मौसम विभाग ने 19 और 20 फरवरी को झारखंड में गरज के साथ वज्रपात की चेतावनी दी है. कहा है कि 19 फरवरी 2025 को प्रदेश के 9 जिलों (गुमला, सिमडेगा, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम, रांची, रामगढ़, बोकारो, सरायकेला-खरसावां और पूर्वी सिंहभूम) में बारिश और वज्रपात होने की प्रबल संभावना है. 20 फरवरी को गढ़वा, पलामू, चतरा और लातेहार को छोड़कर बाकी सभी जिलों में कहीं-कहीं गरज के साथ वज्रपात होने की आशंका जतायी गयी है। इधर, रांची स्थित मौसम केंद्र ने अपने दैनिक मौसम पूर्वानुमान में कहा है कि पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में मौसम शुष्क रहा. सबसे अधिक उच्चतम तापमान 37.5 डिग्री सेंटीग्रेड सरायकेला में रिकॉर्ड किया गया. सबसे कम न्यूनतम तापमान 10.9 डिग्री सेंटीग्रेड हजारीबाग में रहा. मौसम केंद्र के मुताबिक, अगले 2 दिन के दौरान न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे 2 से 3 डिग्री तक की वृद्धि होने का अनुमान है. इसके बाद 3 दिन तक इसमें किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। मौसम केंद्र ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि 18 फरवरी को आंशिक बादल छाये रहेंगे. हालांकि, मौसम शुष्क रहेगा. 19 फरवरी को आंशिक बादल छाये रहेंगे. गरज के साथ वर्षा होने की संभावना है. 20 फरवरी को गरज के साथ बारिश की संभावना है. 21 फरवरी को आसमान में बादल छाये रहेंगे. गरजने वाले बादल भी बन सकते हैं. 22 और 23 फरवरी को आंशिक बादल छाये रहेंगे. मेघ गर्जन के साथ वर्षा होने की संभावना है। राजधानी रांची के मौसम की बात करें, तो 18 फरवरी को यहां आंशिक बादल छाये रहेंगे. अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री रहने का अनुमान है. 19 फरवरी को आंशिक बादल छाये रहेंगे.गर्जन वाले बादल बनने की संभावना है. 20 फरवरी को गरज के साथ वर्षा होने की संभावना है. 21 फरवरी को गर्जन वाले बादल बन सकते हैं. 22 और 23 फरवरी को गरज के साथ वर्षा होने की संभावना है।

## न्यूज़ अपडेट

### मुख्यमंत्री 289 युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

**एजेंसीः रांची** । मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी ) की ओर से 289 पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। यह कार्यक्रम प्रोजेक्ट भवन में आयोजित किया जाएगा।नगर सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के तहत मुख्यमंत्री जिन पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटेंगे, उन पदों में गार्डेन अधीक्षक, वेटनरी ऑफिसर, सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर, सेनेटरी सुपरवाइजर, राजस्व निरीक्षक और विधि सहायक का पद शामिल है। राज्य सरकार ने राज्य के विभिन्न विभागों में खाली पदों को भरने के लिए प्रक्रिया तेज कर दी है। इसके तहत कुल 289 पदों पर नियुक्ति की जायेगी।

### झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक मंगलवार को

**एजेंसीः रांची** । झरखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक मंगलवार को शाम चार बजे से होगी। मंत्रिपरिषद् की बैठक धुर्वा स्थित झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन ) के मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। यह जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग (समन्वय) ने दी है

## राजद ने बुधु भगत और कर्पूरी ठाकुर को दी श्रद्धांजलि



**एजेंसीः रांची** राष्ट्रीय जनता दल झारखंड प्रदेश कार्यालय रांची में सोमवार को स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर बुधु भगत की जयंती तथा स्वतंत्रता सेनानी और समाजवादी नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथी मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी नेता और कार्यकर्ताओं ने दोनों विभूतियों की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर सभी नेताओं ने इन दोनों लोगों के संघर्षों तथा कार्यों को याद करते हुए उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता यादव, महासचिव आबिद अली, युवा राजद प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार, श्रमिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुधीर गोप, वरिष्ठ नेता राजकिशोर सिंह यादव, क्षितिज मिश्रा, चंदन कुमार समेत पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

## झारखंड में झामुमो बनाएगा 50 लाख नए सदस्य




**एजेंसीः रांची** । झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के तत्वावधान में सोमवार को रांची महानगर अंतर्गत रामलखन सिंह यादव कॉलेज के पास कोकर में शिविर लगाकर सदस्यता अभियान चलाया गया। झामुमो केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर जिला संयोजक प्रमुख मुश्ताक आलम की अध्यक्षता में चलाए गए सदस्यता अभियान में जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, अश्विनी शर्मा, सोनू मुंडा, झब्बूलाल महतो समेत कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। सदस्यता अभियान को सफल बनाने में संजय ठाकुर के साथ विक्की समेत अन्य सदस्यों का अहम योगदान रहा। सदस्यता अभियान कार्यक्रम के दौरान कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, जिसमें मुख्य रूप से युवा एवं महिलाएं शामिल हैं। वहीं पार्टी से जुड़ने वाले सभी नए सदस्यों को जिला संयोजक प्रमुख, संयोजक मंडली के सदस्यों ने सदस्यता रसीद देकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। मौके पर झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुश्ताक आलम ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। उन्हों ने कहा कि जिस तरह झारखंड की जनता ने भरपूर समर्थन देकर हमारी पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को पुनः मुख्यमंत्री बनाया है।

### बड़ा आंदोलन और बलिदान से मिला झारखंड, युवा इसे संवारने में आगे आएं : अनुज सिन्हा

एजेंसीः रांची । वरिष्ठ पत्रकार अनुज सिन्हा ने कहा कि झारखंड का गठन लंबे संघर्ष और बलिदान से हुआ है। युवाओं को इसके विकास में अहम भूमिका निभानी होगी। वे अबुआ अधिकार मंच द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी "शहीदों का सपना और युवाओं की भागीदारी" में बोल रहे थे। प्रो. विनय भरत ने युवाओं से झारखंड के समग्र विकास में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने की अपील की। झारखंड आंदोलन सेनानी सरजीत मिर्धा ने युवाओं को जल, जंगल, जमीन की रक्षा और रोजगार के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा दी। डॉ. रामानुजम ने झारखंड को आत्मनिर्भर बनाने में युवाओं की भूमिका पर जोर दिया, जबकि घनश्याम मुंडा ने कहा कि राजनीतिक दलों ने संघर्षशील लोगों का केवल इस्तेमाल किया है। गोष्ठी में हजारों युवा शामिल हुए और झारखंड के उज्ज्वल भविष्य के लिए संकल्प लिया। मंच ने युवा भागीदारी को और मजबूत करने का निर्णय लिया।

# बिरसा मुंडा फन पार्क में एक दिवसीय योगा ध्यान शिविर का आयोजन

**एजेंसीः रांची**



जेल मोड़ स्थित बिरसा मुंडा फन पार्क में सोमवार को बिरसा मुंडा फन पार्क, स्कूल ऑफ योगा डिपार्टमेंट रांची यूनिवर्सिटी और रिलेशंस के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय योगा ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई विद्यार्थियों ने इस शिविर में भाग लिया। विद्यार्थियों ने योग क्रिया कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, गोमुखासन, ताड़ासन और ध्यान समेत कई आसन किये और गहराई से समझा। मौके पर विद्यार्थियों ने योग के माध्यम से स्वस्थ शरीर और तनाव रहित रहने का भी संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि आधुनिक समय में हमलोग अपने खानपान को संतुलित रखकर और व्यायाम तथा योग कर के अनेक बीमारियों से बच सकते हैं। योग के नियमित अभ्यास से हम अपने जीवन को स्वस्थ और रोगमुक्त बना सकते हैं। इस कार्यक्रम में रांची विश्वविद्यालय रांची के डीएसडब्ल्यू सुदेश कुमार साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।वहीं विशिष्ठ अतिथि के तौर पर डॉ. मधुलिका वर्मा निदेशक, स्कूल ऑफ योगा रांची यूनिवर्सिटी, प्रो. आनंद कुमार ठाकुर पूर्व कॉर्डिनेटर स्कूल ऑफ योगा विभाग रांची यूनिवर्सिटी, जेल पार्क के संचालक आर्यन चोपड़ा, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी और रांची नगर निगम के धीरज कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से सभी योग प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर योग शिक्षिका संतोषी कुमारी, विकास कुमार गोप, डॉ. सुभाष साहू, शिवली अख़्तर, मोसरत परवीन, आइसा फातिमा, आकांशा सिंह, अभिषेक कुमार, इम्तियाज शेख समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## एचईसी की जमीन पर बढ़ता अतिक्रमण, प्रशासन बेखबर



**एजेंसीः रांची**

रांची के हैवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचईसी) की जमीन पर अतिक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन प्रबंधन बेबस नजर आ रहा है। धुर्वा इलाके में लोग खाली जमीन पर लोहे की गुमटी, प्लास्टिक के तिरपाल और बांस की बाड़ लगाकर कब्जा कर रहे हैं। अवैध निर्माण का यह खेल रात के अंधेरे में तेजी से हो रहा है। पिछले डेढ़ साल में जगन्नाथ मैदान, एचईसी अस्पताल के आसपास, सेक्टर-2 मार्केट, सेक्टर-3, पंचमुखी मंदिर, धुर्वा बस स्टैंड, जेपी मार्केट, डैम साइड और एचईसी के आवासीय परिसर की खाली जमीन पर अवैध निर्माण में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है।हालांकि एचइसी आवासीय क्षेत्र में अवैध निर्माण की शिकायतें प्रबंधन के पास लगातार मिलती रहती हैं, लेकिन मैन पावर की कमी और निगम खराब आर्थिक स्थिति के चलते प्रबंधन कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहा है।

## बाबा श्याम को अर्पित किया 71 निशान

**एजेंसीः रांची**




श्री श्याम मित्र मंडल का 101 सदस्य दल खाटू पहुंचे और सोमवार को सभी श्याम भक्तों ने रिंग्स स्थित परशुराम निशान भवन में निशान पूजन किया। मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया और मंजू ढानढनिया ने अखंड ज्योति प्रज्वलित कर बाबा श्याम को पेड़ा फल मेवा अर्पित कर मनोकामना अर्जी लगाई। वहीं मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में 101 सदस्यीय दल रिंग्स स्थित परशुराम निशान भवन पहुंच रिंग्स में निशान पूजन के प्रभारी श्रवण ढानढनिया, श्याम सुंदर शर्मा, अनिल नारनौली, श्रवण अग्रवाल, बालकृष्ण अग्रवाल समेत अन्य ने पूजन कर निशान कीर्तन प्रारंभ कराया। भजनों का कार्यक्रम निरंतर सभी श्याम प्रेमी कर रहे थे। गणेश जी की वंदना के साथ भजनों का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ । चढ़वा दे बाबा श्याम निशान म्हारो जैसे निशान भजन गाकर भक्त भाव विभोर हो रहे थे। श्याम भक्तों की टोली निशान यात्रा प्रारंभ कर हाथों में लहराते हुए निशान और मुख से श्याम नाम गाते हुए बाबा के धाम की ओर बढ़ी । उल्लेखनीय है कि यह पावन महीना श्याम भक्तों के लिए बड़ा शुभ रहता है। पूरे 12 महीना श्याम जगत में इस महीने का इंतजार रहता है । वहीं शाम में निशान यात्रा करनी माता मंदिर पहुंचा। इसके बाद वहां से निशान यात्रा प्रारंभ हुई जो देर शाम खाटू स्थित तोरण द्वार पहुंची। सभी श्याम भक्त तोरण द्वार में पहुंच कर भाव विभोर हो रहे थे । हारे के सहारे की जय खाटूनरेश की जय की जय जयकारों से पूरा खाटू धाम गूंज रहा था। निशान अर्पण के बाद सभी ने एक दूसरे को बधाई दी एवं छोटों ने बड़ों को पैर छूकर आशीर्वाद लिया और इष्ट मित्रों ने एक दूसरे को बाबा श्याम के फागुन माह की बधाइयां दी।

## बायो मेडिकल वेस्ट का उचित निष्पादन की व्यवस्था करें चिकित्सकः डीडीसी

**एजेंसीः खूंटी**



उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम की अध्यक्षता में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग के तहत संचालित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। इस दौरान जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों के लिए उपलब्ध चिकित्सकीय सुविधाएं, चिकित्सकों की अस्पतालों में उपस्थिति, अस्पतालों की साफ-सफाई, लाभुकों को आयुष्मान कार्ड का लाभ सहित अन्य विषयों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही चिकित्सकों सहित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को चिकित्सकों का नया रोस्टर सूचना पट्ट पर दर्शाने का निर्देश दिया गया। जिला सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में बायो मेडिकल वेस्ट का यथोचित निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। निर्देशित किया गया कि सिविल सर्जन, उपाधीक्षक, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को अपने-अपने अस्पताल एवं अस्पताल परिसर को दुरुस्त रखने, स्वच्छता एवं साफ-सफाई पर ध्यान दें। उन्होंने वीएचएसएनडी में सभी कर्मियों को भ्रमण कर सिविल सर्जन को प्रतिवेदन देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त द्वारा अड़की, रनिया एवं कर्रा में आईपीडी की संख्या को बढ़ाने का निर्देश दिया गया। निर्देशित किया कि जिले में चल रहे मोतियाबिन्द ऑपरेशन की निरंतरता को बनाये रखें। डीडीसी द्वारा मुरहू में संस्थागत प्रसव लक्ष्य के अनुरूप बढ़ाने का निर्देश दिया गया। सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि जिला के तहत संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सीएचओ का ससमय उपस्थिति सुनिश्चित करें। उन्होंने सेंगो साथी व्हाटस्एप्प चाट बाक्स के सबंध में प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया।

## शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में मुखियाओं की भागीदारी जरूरीः उपायुक्त

**एजेंसीः खूंटी**




झारखंड शिक्षा परियोजना, खूंटी के तत्वावधान में सोमवार को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय, खूंटी के सभागार में जिलास्तरीय मुखिया सम्मेलन 2025 का आयोजन किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना और समाज में शिक्षा के स्तर को सशक्त बनाने को लेकर चर्चा करना था। सम्मेलन का शुभारंभ उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने उपस्थित जन प्रतिनिधियों के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जिला शिक्षा अधीक्षक अभय कुमार शील ने पौधा भेंट कर उपायुक्त समेत जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, जिला परिषद उपाध्यक्ष मंजू देवी, उपाध्यक्ष, जिला मुखिया संघ लक्ष्मण टूटी और अन्य अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर सम्मेलन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए उपायुक्त ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए पंचायत स्तर पर मुखिया समेत सभी स्थानीय जन प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुदृढ़ करने में पंचायतों के मुखिया की जिम्मेदारी अत्यधिक महत्वपूर्ण है। यह केवल जिला या प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों से संभव नहीं है। हमे समन्वय बनाकर पंचायत स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर देते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। पंचायत के मुखिया विद्यालयों के सही संचालन पर विशेष निगरानी रखे, वह प्रखंड स्तर पर आयोजित विद्यालय प्रबंधन समिति के बैठक में भी भाग लें। पंचायत स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्रा प्रखंड अंतर्गत लोधम पंचायत की मुखिया मंजुला उरांव, तोरपा प्रखंड की डोड़मा पंचायत की मुखिया अगाथा भेंगरा समेत अन्य मुखिया को मंच पर आमंत्रित कार्य की सराहना करते हुए उपायुक्त द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी आपरूपा चौधरी समेत के अलावा सभी पंचायत के मुखिया आदि उपस्थित थे।

## पूजा सिंघल से जुड़े मामले में सुनवाई अब 21 को

**एजेंसीः रांची**



आईएएस पूजा सिंघल से जुड़े मामले में ईडी की ओर से रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ़ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में दाखिल याचिका पर अब 21 फरवरी को सुनवाई होगी। इस मामले में ईडी ने कोर्ट से यह आग्रह किया है कि पूजा सिंघल को कोई विभाग नहीं दिया जाए। वहीं सोमवार को अदालत में ईडी और पूजा सिंघल की ओर से बहस पूरी कर ली गई। इसके बाद कोर्ट ने अग्रिम सुनवाई के लिए 21 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। ईडी ने अदालत में याचिका दाखिल कर कहा है कि यदि पूजा सिंघल को राज्य सरकार किसी विभाग की जिम्मेदारी देती है तो वे अपने पद का दुरुपयोग कर केस को प्रभावित कर सकती हैं। उल्लेखनीय है कि मनरेगा घोटाला की अभियुक्त आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने 11 मई 2022 में गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसी ने पांच मई 2022 को पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी, जिसमें ईडी को बेहिसाब पैसे और अन्य जगहों पर इन्वेस्टमेंट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी। ईडी की छापेमारी के दौरान पूजा सिंघल के सीए सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ रुपये कैश बरामद हुई थी। पूजा सिंघल को सात दिसंबर को बीएनएस कानून के तहत जेल से रिहा किया गया है। हालांकि वह अब भी मनी लॉन्ड्रिंग केस में अभियुक्त हैं, जबकि कानूनी प्रावधानों के अनुसार जेल से बाहर रहने के दौरान उनका सस्पेंशन खत्म किया जा चुका है।

## विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों के सुझाव जरूरी : प्रो जेके किड़ो

### बिरसा कॉलेज खूंटी के मुंडारी विभाग में शिक्षक-छात्र-अभिभावक की वार्षिक बैठक

**एजेंसीः खूंटी**




बिरसा कॉलेज खूंटी के मुंडारी विभाग में शिक्षक छात्र अभिभावक वार्षिक बैठक सोमवार को संपन्न हुई। इस अवसर पर बीए और एमए के विद्यार्थी और उनके अभिभावकों के साथ बिरसा कॉलेज खूंटी की प्राचार्या जीके किड़ोम तथा मुंडारी विभाग के शिक्षक उपस्थित थे। इस अवसर पर सर्वप्रथम बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया एवं पारंपरिक तरीके से नृत्य संगीत के साथ अभिभावकों का स्वागत किया गया। अभिभावकों को विद्यार्थियों द्वारा चंदन के टीके लगाए गए। तत्पश्चात उन्हें सम्मानपूर्वक मल्टीपरपज हॉल में बैठाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अभिभावकों के स्वागत में विद्यार्थियों द्वारा गोवारी दुरंग एवं स्वागत गीत गाए गए। अभिभावकों का स्वागत करते हुए विभाग की अध्यक्ष सहायक प्राध्यापिका सावित्री कुमारी ने कहा कि अभिभावकों को अपने बच्चों के शैक्षणिक गतिविधियों को जानने के लिए समय-समय पर कॉलेज आने की जरूरत है। कॉलेज की प्राभारी प्राचार्या जीके किड़ो ने अभिभावक मीटिंग की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों के सुझाव की भी जरूरत है। कॉलेज की गतिविधियों की जानकारी अभिभावकों को होनी चाहिए। इस कार्यक्रम को इसी कड़ी से जोड़कर देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी परंपरा भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन में अपना योगदान देने की जरूरत है। अभिभावकों को अपनी पीढ़ी को इसे हस्तांतरित करनी चाहिए। प्राचार्या ने अभिभावकों से कहा कि अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए खेती के साथ-साथ दूसरे कृषि से संबंधित व्यवसाय को भी अपनाने की जरूरत है। मुंडारी विभाग के सहायक प्राध्यापिका इंदिरा कोनगाड़ी ने नई शिक्षा नीति और पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सहायक प्रोफेसर काली मुंडू ने शिक्षा और रोजगार पर प्रकाश डाला। सहायक प्रोफेसर वासुदेव हास्सा और नागपुरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ कॉनेलियुस मिंज ने भी अपने विचार रखें। अभिभावकों में साहू हांसदा गाबोर मुंडू एवं एस. एस. स्कूल की भूतपूर्व प्रधानाध्यापिका रानी टूटी ने भी अपने विचार रखें। इस कार्यक्रम में नागपुरी विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. अंजूलता कुमारी, सुनीता टोप्पो और मुण्डारी विभाग के सैकड़ो विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सिजरेन सुरीन ने किया।

## पीड़ित मुआवजा के लिए डालसा में आवेदन दें : प्रवीण

**एजेंसीः रांची**




झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त के मार्गदर्शन में अनगड़ा प्रखंड के गुड़ीडीह पंचायत भवन में डालसा ने जस्टिस-ऑन-व्हील मोबाइल वैन टूर कार्यक्रम के तहत जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, पीएलवी बेबी सिन्हा, मीना श्रीवास्तव, मालती देवी, यशोदा देवी, संगीता देवी, विधि के छात्र उपस्थित थे। मौके पर एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने बच्चों से संबंधित कानूनों जैसे जेजे एक्ट, पॉक्सो एक्ट की जानकारी दी। उन्होंने नशा उन्मूलन पर कहा कि नशा न करें, नशा से धन और स्वास्थ्य दोनों की हानि होती है। उन्होंने बाल विवाह बाल विवाह अधिनियम-2006 कानून की जानकारी लोगों को दी। श्रीवास्तव ने मोटर वाहन दुर्घटना में प्राप्त होने वाले मुआवजा की जानकारी भी मौजूद लोगों को दी। उन्होंने कहा कि पीड़ित या पीड़िता मुआवजा के लिए डालसा कार्यालय में आवेदन दे सकते हैं। पीड़िता अगर महिला हो तो केस लड़ने के लिए डालसा की ओर से निःशुल्क अधिवक्ता भी दिया जाता है। उन्होंने दहेज प्रथा कानून-1961 की जानकारी भी विस्तार से दी। डालसा की पीएलवी बेबी देवी ने आठ मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत व आगामी 22 फरवरी को होनेवाले विशेष लोक अदालत की जानकारी दी। पीएलवी मालती कुमारी ने वृद्धा पेंशन और विधवा पेंशन की जानकारी दी। पीएलवी बेबी सिन्हा ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं श्रम कार्ड की जानकारी दी और पेंशन से संबंधित लाभ लेने की बातें कहीं। डालसा के पीएलवी ने 22 फरवरी को आयोजित होनेवाली विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत के बारे में जानकारी दी।

सुविचार

**कुछ सच तो हम पहले से जानते थे, बस देखना चाहते थे कि लोग झूठ कहाँ तक बोल सकते हैं!**

## पित्रोदा का नया शिगूफा

इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा ने काफी दिनों तक 'शांत' रहने के बाद नया शिगूफा छोड़ ही दिया। वह भी ऐसा कि कांग्रेस ने उनके शब्दों से किनारा कर लिया! पिछले साल लोकसभा चुनाव के दौरान पित्रोदा ने अपनी पार्टी की खूब किरकिरी कराई थी। ऐसा प्रतीत होता है कि उन्होंने एक बार फिर 'मोर्चा' संभाल लिया है। पित्रोदा ने चीन के बारे में जो बयान दिया, उसका हकीकत से दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं है। यह कहना कि 'अब समय आ गया है कि सभी देश आपस में सहयोग करें, न कि टकराव रखें', एक अच्छी भावना जरूर है, लेकिन उस स्थिति में क्या किया जाए, जब हम तो मैत्री रखना चाहें और हमारा पड़ोसी झगड़ा करने के बहाने ढूंढ़ता रहे? भारत ने चीन के साथ संबंध सुधारने के लिए कितनी ही कोशिशें कर लीं, उनका नतीजा क्या रहा? चीन ने तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के साथ कितना बड़ा विश्वासघात किया था? पित्रोदा नहीं जानते कि गलवान घाटी में क्या हुआ था? जब पूरी दुनिया में कोरोना महामारी के कारण हाहाकार मचा हुआ था, उस समय चीन हमारी जमीन हड़पने के लिए साजिशें रच रहा था। कौन भूल सकता है हमारे उन बलिदानियों को, जिन पर चीनी फौजियों ने नुकीले डंडों के साथ धोखे से हमला किया था? इसके बावजूद पित्रोदा कह रहे हैं कि 'हमारा दृष्टिकोण शुरू से ही टकराव वाला रहा है और इस रवैए से दुश्मन पैदा होते हैं'! यहां टकराव कौन पैदा कर रहा है? अरुणाचल प्रदेश को 'दक्षिण तिब्बत' कहकर उस पर अवैध दावा कौन करता है? भारतीय इलाकों का चीनी नामकरण करते हुए उनकी सूची कौन जारी करता है? नत्थी वीजा मामले के जरिए संबंधों को कौन बिगाड़ना चाहता है? अरुणाचल प्रदेश में विकास परियोजनाओं का विरोध कौन करता है?

ऐसे सैकड़ों सवाल हैं, जिनका जवाब एक है- चीन। सैम पित्रोदा एक काल्पनिक आदर्शवाद की पैरवी करते हुए यह कहने को स्वतंत्र हैं कि 'यह मानना बंद करना होगा कि चीन पहले दिन से ही दुश्मन है', इससे हकीकत तो नहीं बदल जाएगी। वास्तव में चीन का सत्तारूढ़ वर्ग अत्यंत धूर्त मानसिकता रखता है। उसने पहले तो 'हिंदी-चीनी, भाई-भाई' का नारा लगाते हुए हमारी पीठ में छुरा घोंपा। उसके बाद पाकिस्तान जैसे देश को वित्तीय एवं सैन्य सहायता देकर भारत के लिए चुनौतियां खड़ी कीं। चीन हमारे पड़ोसी देशों में अपना प्रभाव बढ़ा रहा है। नेपाल, मालदीव जैसे देश, जिनकी अर्थव्यवस्था काफी हद तक भारत पर निर्भर करती है, वे भी चीन के प्रभाव में आकर हमें आंखें दिखाते रहते हैं। अगर चीन इतना ही 'मानवता का प्रेमी' है तो पीएलए ने तवांग सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश क्यों की थी? वहां भारतीय सैनिकों ने चीनी फौजियों का 'उचित रीति से स्वागत-सत्कार' किया था। अब सवाल है- चीन के साथ कैसा व्यवहार होना चाहिए? हमें यहां अतीत के अनुभवों को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ना होगा। भले ही चीन के आम नागरिकों के मन में भारत के प्रति वैसी कटुता नहीं है, जैसी पाकिस्तानियों में देखने को मिलती है, लेकिन चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की नीतियों और गतिविधियों में 'भारतविरोध' साफ झलकता है। चीन एशिया समेत पूरी दुनिया में अपना दबदबा चाहता है। उसका प्रचार तंत्र बड़ा सुदृढ़ है, जो दर्जनों भाषाओं में दिन-रात यह बताता रहता है कि 'चीन में खुशहाली है, यहां कोई बड़ी समस्या नहीं है, यह निवेश करने के लिए सबसे अनुकूल देश है, इसकी फौज अजेय है'! चीनी मीडिया में सरकारी भ्रष्टाचार, मनमानी, अत्याचार, बेरोजगारी, महंगाई, युवाओं में निराशा, अकेलापन आदि के बारे में न के बराबर जानकारी मिलती है। कोई उद्योगपति हो या सेलिब्रिटी, उसने सरकार की जरा-सी आलोचना कर दी तो उसे 'गायब' कर दिया जाता है। चीन की चुनौती का ज्यादा दृढ़ता से सामना करने के लिए बहुत जरूरी है कि भारत आर्थिक दृष्टि से खूब मजबूत बने, तकनीकी विकास को बढ़ावा मिले, सुरक्षा बलों के पास अत्याधुनिक साजो-सामान हो और देशवासियों में एकता हो। फिर भी चीन अपनी हरकतों से बाज़ न आए तो ड्रैगन को नकेल डालने का फॉर्मूला लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह बहुत पहले बता चुके हैं। सैम पित्रोदा जो कुछ कह रहे हैं, उस पर अमल किया तो चीन की उद्दंडता बहुत बढ़ जाएगी।

## ट्वीटर टॉक



रामगढ़ शेखावाटी में आयोजित वेदारण्य हेरिटेज एंड हीलिंग फेस्टिवल (वाह फेस्ट) में भागीदारी की। विश्व की ओपन आर्ट गैलरीशेखावाटी में श्रुति फाउंडेशन का आयोजन अनुकरणीय है। श्रुतिनाडा पोद्दार जी और गीता चंद्रन जी का आभार!

**-गजेन्द्र सिंह शेखावत**



कोटा में कैमिकल फैक्ट्री में गैस रिसाव से कई स्कूली बच्चों के बेहोश होने की ख़बर अत्यंत चिंताजनक है। गैस रिसाव से प्रभावित विद्यार्थियों को सरकार तत्काल उचित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएं एवं घटना की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करे।

**-गोविंद सिंह डोटासरा**



मुख्यमंत्री निवास पर योग गुरु स्वामी रामदेव जी से शिष्टाचार भेंट कर उनका आत्मीय सानिध्य प्राप्त किया। इस अवसर पर राजस्थान में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के विकास एवं योग के माध्यम से जन-जन के स्वास्थ्य संवर्धन पर चर्चा की गई।

**-भजनलाल शर्मा**

प्रेरक प्रसंग

## सच्चा राष्ट्रवाद

स्वामी रामतीर्थ जापान यात्रा पर थे। उन दिनों वे उपवास पर थे और केवल फलाहार लेते थे। कहीं स्थानीय यात्रा के लिए वे रेलवे स्टेशन पहुंचे। ट्रेन चलने में काफी वक्त था, इसलिए वे फलों के लिए काफी दूर गए, लेकिन उन्हें फल नहीं मिले। लौटकर अपने सहयोगी से बोले, 'भाई! जापान तो फलों के मामले में काफी गरीब देश लगता है, खोजने पर भी मुझे फल नहीं मिले।' कुछ ही देर में एक युवक फलों की टोकरी लेकर डिब्बे में आया और स्वामी जी को सौंप दी। आश्चर्य में डूबे स्वामी जी ने जब युवक से पूछा, तो युवक ने बताया कि वह उनकी बातें सुन रहा था। वह नजदीक ही अपने घर से फल ले आया है। स्वामीजी को काफी प्रसन्नता हुई। उन्होंने फलों का मूल्य देना चाहा, तो युवक ने मना कर दिया। तब स्वामीजी ने कहा कि मैं मुफ्त में ये फल नहीं लूंगा, तो युवक ने उत्तर दिया, 'इन फलों की कीमत उससे कहीं ज्यादा है, जो आप मुझे दे रहे हो।' स्वामीजी ने कौतूहलवश पूछा, 'बताइए, इनकी क्या कीमत है?' युवक ने कहा, 'आप अनेक देशों का भ्रमण करते हैं, तो कृपया कहीं भी जाकर यह न बतायें कि हमारा जापान फलों के मामले में गरीब देश है।'

सामयिक

# भारत-अमेरिका मैत्री से विकास के नये रास्ते खुलेंगे



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल में सम्पन्न हुई अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा अनेक दृष्टियों से ऐतिहासिक, अविस्मरणीय एवं मील का पत्थर बनकर प्रस्तुत हुई है। यह निश्चित है कि मोदी के नेतृत्व में एक नई सभ्यता और एक नई संस्कृति गढ़ी जा रही है। व्हाइट हाउस में संपन्न प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बातचीत कई मायनों में सकारात्मक एवं परिणामकारी रही। उसमें किसी तरह की तल्खी नजर नहीं आई, बल्कि मोदी-ट्रंप की दोस्ती ही नये विश्वास एवं संकल्प के साथ उभर कर सामने आयी है। यह निर्विवाद सत्य है कि अमेरिका हमेशा अपने कारोबारी हितों को ही प्राथमिकता देता है। इस मुलाकात में यही नजर आया कि ट्रंप दोनों देशों के व्यापार संतुलन का पलड़ा अमेरिका के पक्ष में करने को कटिबद्ध है। लेकिन मोदी ट्रंप की चतुराई को भी अपनी सादगी एवं सरलता से मात देते हुए भारत के हित में अनेक समझौते कर लिये हैं। यह तथ्य सर्वविदित है कि अमेरिका की नीतियां 'अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका' पर ही समाप्त हो जाती हैं। दूसरी बार सत्ता में आए ट्रंप ने जिस आक्रामक तरीके से कनाडा, मैक्सिको व चीन आदि पर टैरिफ लगाए हैं, वैसी आक्रामकता उन्होंने भारत के प्रति नहीं दिखायी। यह अमेरिका की भारत के प्रति एक विशेष दृष्टि मोदी के प्रभाव का ही परिणाम है।

ट्रंप ने मोदी को अपनी तुलना में बेहतर सख्त वार्ताकार बताया। दोनों नेताओं ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दुगुना करने तथा लाभप्रद व्यापार समझौते के लिये बातचीत करने का संकल्प भी जताया। भविष्य में व्यापार समझौता अमेरिका के पक्ष में न झुके, इसके लिये प्रधानमंत्री मोदी ने कूटनीतिक कौशल का इस्तेमाल किया। भारत को नया बनने के लिए, स्वर्णिम बनाने के लिए, अनूठा बनाने के लिए और उसे विश्व की एक बड़ी ताकत के रूप में उभारने के लिये मोदी के प्रयास अनूठे भी हैं और विलक्षण भी हैं। यहां उल्लेखनीय है कि मोदी-ट्रंप मुलाकात में रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में बातचीत सकारात्मक रही। दोनों देशों ने एक दस वर्षीय रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। जिसमें प्रमुख हथियारों और प्लेटफार्मों के सह-उत्पादन को आगे बढ़ाने की महत्वाकांक्षी योजना का मार्ग प्रशस्त किया गया। वहीं दूसरी ओर यदि भारत को अमेरिकी एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमानों की प्रस्तावित आपूर्ति परवान चढ़ती है तो पड़ोसी देशों की बेचैनी और बढ़ जाएगी और भारत की ओर देखने की उनकी हिम्मत नहीं होगी। मोदीजी का जादू एक बार फिर सिर चढ़कर बोला है। मोदी की इस यात्रा के पीछे इरादा केवल भावनात्मक रिश्तों की बुनियाद को मजबूत करना नहीं रहा है, बल्कि भारत के हक में अमेरिकी नीतियों को प्रभावित करने के लिए उनका सहयोग पाने की मंशा भी रहा है, जो सफल हुआ। संभव है इससे भारत और अमेरिका दोनों ही देशों में विकास के नये रास्तें खुलेंगे। इस यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण घोषणा यह भी रही है कि 26/11 के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी गई है। यह पाकिस्तान को चेतावनी भी है कि वह अपनी जमीन से आतंकवादियों को सीमापार आतंकी हमलों को अंजाम देने में मदद बंद करे। अब इस्लामाबाद पर मुंबई और पठानकोट के आतंक हमलों के साजिशकर्ताओं को सजा देने का दबाव भी बढ़ जाएगा। निस्संदेह, ट्रंप का 'टैरिफ आतंकवाद' निगलने वाली कड़वी गोली हो सकती है, लेकिन भारत की रक्षा तैयारियों में अमेरिका की बड़ी भूमिका एक आकर्षक प्रस्ताव होगा, जिससे भारत सैन्य मोर्चे पर सशक्त होकर उभरेगा। ट्रंप के साथ मुलाकात में भारत ने अवैध रूप से आए भारतीयों को वापस लेने की बात भी कही। पत्रकार वार्ता में मोदी ने कहा कि इस मुद्दे पर हमारे विचार एक जैसे हैं। यदि अमेरिका में अवैध भारतीय प्रवासियों की पुष्टि होती है तो हम उन्हें वापस लेने के लिये तैयार हैं। उन्होंने इसे मानव तस्करों की करतूत बताया।

मोदी की यह यात्रा दो बहुत अच्छे दोस्तों की बहुत ही नाजूक समझौतेवादी भूमिका को देखने का एक दिलचस्प एवं रोमांचक मौका बनी, प्रतिकूल लगते हालात को अनुकूल नतीजों की ओर मोड़ने का कौशल भी इस यात्रा में बेहतरीन अंदाज में नजर आया। दोनों नेता न केवल पहले से एक-दूसरे को अच्छी तरह से जानते रहे हैं बल्कि उनके बीच की व्यक्तिगत मित्रता एवं आत्मीयता भी चर्चित रही है। यह सुखद संयोग है कि दोनों नेता दुनिया के सबसे बड़े पुराने और सबसे विशाल लोकतंत्र के राष्ट्राध्यक्ष हैं। अमेरिका को पहले से ही दुनिया ग्लोबल लीडर मानती रही है। अब भारत नया और उभरता हुआ विश्वनेता बना है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप की जोड़ी से दुनिया पर नये तरीके से आधिपत्य बदलता दिख रहा है। दोनों देशों के लगातार बेहतर होते रिश्तों की पृष्ठभूमि इस तथ्य को और महत्वपूर्ण बना रही थी। फिर भी यात्रा से पहले के घटनाक्रम ने इसकी कामयाबी पर भले ही संदेह की परतें चढ़ा रखी थी, लेकिन मोदी की कुशलता एवं कूटनीति से सभी वार्ताएं सौहार्दपूर्ण होकर सकारात्मक बनी। जिससे भारत एक बार फिर दुनिया के सामने सशक्त एवं ताकतवर बनकर ही प्रस्तुत हुआ है।

ट्रंप के कतिपय सख्ती से बने तनाव को मोदी ने हावी नहीं होने दिया। प्रधानमंत्री मोदी पूरी तरह से अपने अजेंडे पर केंद्रित रहे। उन्होंने न केवल ट्रंप की तारीफ की बल्कि राष्ट्रपति ट्रंप के प्रिय नारे 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' (एमएजीए) की तर्ज पर अपना नारा पेश किया- 'मेक इंडिया ग्रेट अगेन' (एमआईजीए), और यह भी कहा कि जब एमएजीए और एमआईजीए साथ आते हैं तो बन जाता है एमईजीए जो दोनों देशों की शानदार साझेदारी की कहानी कहता है। इस तरह दोनों देश ने दुनिया के बॉस होते हुए अपने वर्चस्वी होने को व्यक्त किया। अमेरिका तो इस भूमिका में रहा है, लेकिन अमेरिका भारत को भी इस भूमिका में मानता है तो निश्चित ही यह भारत की दुनिया में मजबूत होती स्थिति को ही बयां कर रहा है। अब दुनिया के हर विवादों को सुलझाने में भारत-अमेरिका की संयुक्त एवं भूमिका महत्वपूर्ण होने से भारत की ताकत को समझा जा सकता है। निश्चित रूप से दोनों देशों के बीच के कई समीकरण आने वाले दिनों में नया आकार लेंगे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा ने इस उम्मीद को ठोस आधार दे दिया है कि सहयोग के स्वरूप में जो भी बदलाव हो, रिश्ता बेहतर ही होता जाएगा। मोदी की इस अमेरिका यात्रा की अहमियत जाहिर है और इसे संभावनाभरा भी माना जा रहा है। डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद यह अमेरिका का उनका पहला सफर है। ट्रंप के साथ वाइट हाउस में मोदी की मुलाकात ने यही जताया कि दोनों नेताओं एवं देशों के संबंधों को और प्रगाढ़ करने की ललक दोनों तरफ है। भारतीय प्रधानमंत्री की अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात पर देश ही नहीं, दुनिया की भी निगाहें थीं। एक तो इसलिए कि मोदी उन चुनिंदा शासनाध्यक्षों में से एक हैं, जिनसे डोनाल्ड ट्रंप ने प्रारंभिक दौर में ही मुलाकात करना बेहतर समझा और दूसरे इसलिए कि भारत अब एक बड़ी ताकत बन चुका है और वैश्विक मामलों में उसका रुख-रवैया एवं नीतियां मायने रखती है। इस मुलाकात को लेकर जिज्ञासा का एक कारण यह भी था कि बाइडन प्रशासन के समय अमेरिका और भारत के संबंधों में एक खिंचाव आ गया था। एक अर्से से यह महसूस किया जा रहा था कि बाइडन प्रशासन भारतीय हितों की वैसी चिंता नहीं कर रहा है, जैसी करनी चाहिए। मोदी और ट्रंप की मुलाकात ने यह तो रेखांकित किया कि दोनों देशों के संबंधों में गर्मजोशी लौट आई है, लेकिन अभी यह नहीं कहा जा सकता कि अमेरिका भारत की समस्त चिंताओं का समाधान करने जा रहा है, लेकिन इसे नकारा भी नहीं जा रहा है। ट्रंप ने बांग्लादेश के मामले में भारत के मन मुताबिक बात कहकर, सीमा पार यानी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से मिलकर लड़ने का वादा किया। कुल मिलाकर विकसित भारत के लक्ष्य में सहायक बनने वाले विभिन्न क्षेत्रों में अमेरिका से सहयोग की राह प्रशस्त होना भारत के लिये एक नये सूरज का उदय ही कहा जायेगा।

नजरिया

# महान साधक थे रामकृष्ण परमहंस



रामकृष्ण परमहंस भारत के एक महान संत, आध्यात्मिक गुरु एवं विचारक थे। इन्होंने सभी धर्मों की एकता पर जोर दिया। उन्हें बचपन से ही विश्वास था कि ईश्वर के दर्शन हो सकते हैं। अतः ईश्वर की प्राप्ति के लिए उन्होंने कठोर साधना और भक्ति का जीवन बिताया। स्वामी रामकृष्ण मानवता के पुजारी थे। साधना के फलस्वरूप वह इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि संसार के सभी धर्म सच्चे हैं और उनमें कोई भिन्नता नहीं। वे ईश्वर तक पहुँचने के भिन्न-भिन्न साधन मात्र हैं। 19 वीं शताब्दी में श्री रामकृष्ण परमहंस एक रहस्यमयी और महान योगी पुरुष थे। जिन्होंने काफी सरल शब्दों में अध्यात्मिक बातो को सामान्य लोगो के सामने रखा। जिस समय हिन्दू धर्म बड़े संकट में फंसा हुआ था उस समय श्री रामकृष्ण परमहंस ने हिन्दू धर्म में एक नयी उम्मीद जगाई। रामकृष्ण के जीवन में अनेक गुरु आये पर अन्तिम गुरुओं का उनके जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ा। एक थी भैरवी जिन्होने उन्हे अपने कापालिक तंत्र की साधना करायी और दूसरे थे श्री तोतापुरी उनके अन्तिम गुरु। गंगा के तट पर दक्षिणेश्वर के प्रसिद्व मंदिर में रहकर रामकृष्ण मां काली की पूजा किया करते थे। गंगा नदी के दूसरे किनारे रहने वाली भैरवी को अनुभुति हुई कि एक महान संस्कारी व्यक्ति रामकृष्ण को उसकी दीक्षा की आवश्यकता हैं। गंगा पार कर वो रामकृष्ण के पास आयी तथा उन्हे कापालिक दीक्षा लेने को कहा। रामकृष्ण ने भैरवी द्वारा बतायी पद्धति से लगातार साधना कर मात्र तीन दिनों में ही सम्पूर्ण क्रिया में निपुण हो गये।

रामकृष्ण के अन्तिम गुरु तोतापुरी थे जो सिद्ध तांत्रिक तथा हठ योगी थे। उन्होने रामकृष्ण को दीक्षा दी। रामकृष्ण को दीक्षा दी गई परमशिव के निराकार रुप के साथ पूर्ण संयोग की। पर आजीवन तो उन्होने मां काली की आराधना की थी। वे जब भी ध्यान करते तो मां काली उनके ध्यान में आ जाती और वे भावविभोर हो जाते। जिससे निराकार का ध्यान उनसे नहीं हो पाता था। तोतापुरी ध्यान सिद्ध योगी थे। उनको अनुभव हुआ कि रामकृष्ण के ध्यान में मां काली प्रतिष्ठित हैं। उन्होने शक्ति सम्पात के द्वारा रामकृष्ण को निराकार ध्यान में प्रतिष्ठित करने के लिये बगल में पड़े एक शीशे के टुकड़े को उठाया और उसका रामकृष्ण के आज्ञाचक्र पर आघात किया जिससे रामकृष्ण को अनुभव हुआ कि उनके ध्यान की मां काली चूर्ण-विचूर्ण हो गई हैं और वे निराकार परमशिव में पूरी तरह समाहित हो चुके हैं। वे समाधिस्थ हो गये। ये उनकी पहली समाधी थी जो तीन दिन चली। तोतापुरी ने रामकृष्ण की समाधी टूटने पर कहा। मैं पिछले 40 वर्षो से समाधि पर बैठा हूं पर इतनी लम्बी समाधी मुझे कभी नही लगी।

श्री रामकृष्ण परमहंस का जन्म पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में कामारपुकुर नामक गांव में 18 फरवरी 1836 को एक निर्धन निष्ठावान ब्राहमण परिवार में हुआ था। इनके जन्म पर ही ज्योतिषियों ने रामकृष्ण के महान भविष्य की घोषणा कर दी थी। ज्योतिषियों की भविष्यवाणी सुन इनकी माता चन्द्रा देवी तथा पिता खुदिराम अत्यन्त प्रसन्न हुए। इनको बचपन में गदाधर नाम से पुकारा जाता था। पांच वर्ष की उम्र में ही वो अदभुत प्रतिभा और स्मरणशक्ति का परिचय देने लगे। अपने पूर्वजों के नाम व देवी-देवताओं की स्तुतियां, रामायण, महाभारत की कथायें इन्हे कंठस्थ याद हो गई थी। 1843 में इनके पिता का देहांत हो गया तो परिवार का पूरा भार इनके बड़े भाई रामकुमार पर आ पड़ा था। रामकृष्ण जब नौ वर्ष के हुए इनके यज्ञोपवीत संस्कार का समय निकट आया। उस समय एक विचित्र घटना हुई। ब्राह्मण परिवार की परम्परा थी कि नवदिक्षित को इस संस्कार के पश्चात अपने किसी सम्बंधी या किसी ब्राह्मण से पहली शिक्षा प्राप्त करनी होती थी। एक लुहारिन जिसने रामकृष्ण की जन्म से ही परिचर्या की थी। बहुत पहले ही उनसे प्रार्थना कर रखी थी कि वह अपनी पहली भिक्षा उसके पास से प्राप्त करे। लुहारिन के सच्चे प्रेम से प्रेरित हो बालक रामकृष्ण ने वचन दे दिया था।

अतः यज्ञोपवीत के पश्चात घर वालों के लगातार विरोध के बावजूद इन्होने ब्राह्मण परिवार में प्रचलित प्रथा का उल्लंघन कर अपना वचन पूरा किया और अपनी पहली भिक्षा उस लुहारिन से प्राप्त की। यह घटना सामान्य नही थी। सत्य के प्रति प्रेम तथा इतनी कम उम्र में सामाजिक प्रथा के इस प्रकार उपर उठ जाना रामकृष्ण की आध्यात्मिक क्षमता और दूरदर्शिता को ही प्रकट करता है। रामकृष्ण का मन पढ़ाई में न लगता देख इनके बड़े भाई इन्हे अपने साथ कलकत्ता ले आये और अपने पास दक्षिणेश्वर में रख लिया। यहां का शांत एवं सुरम्य वातावरण रामकृष्ण को अपने अनुकूल लगा। 1858 में इनका विवाह शारदा देवी नामक पांच वर्षीय कन्या के साथ सम्पन्न हुआ। जब शारदा देवी ने अपने अठारहवें वर्ष मे पदार्पण किया तब श्री रामकृष्ण ने दक्षिणेश्वर के अपने कमरे में उनकी षोड़शी देवी के रूप में आराधना की। यही शारदा देवी रामकृष्ण संघ में माताजी के नाम से परिचित हैं।

रामकृष्ण परमहंस के पास जो कोई भी जाता वह उनकी सरलता, निश्चलता, भोलेपन और त्याग से इतना अभिभूत हो जाता कि अपना सारा पांडित्य भूलकर उनके पैरों पर गिर पड़ता था। गहन से गहन दार्शनिक सवालों के जवाब भी वे अपनी सरल भाषा में इस तरह देते कि सुनने वाला तत्काल ही उनका मुरीद हो जाता। इसलिए दुनियाभर की तमाम आधुनिक विद्या, विज्ञान और दर्शनशास्त्र पढ़े महान लोग भी जब दक्षिणेश्वर के इस निरक्षर परमहंस के पास आते तो अपनी सारी विद्वता भूलकर उसे अपना गुरु मान लेते थे। इनके प्रमुख शिष्यों में स्वामी विवेकानन्द, दुर्गाचरण नाग, स्वामी अद्भुतानंद, स्वामी ब्रह्मानंदन, स्वामी अद्यतानन्द, स्वामी शिवानन्द, स्वामी प्रेमानन्द, स्वामी योगानन्द थे। श्री रामकृष्ण के जीवन के अन्तिम वर्ष कारुण रस से भरे थे। 15 अगस्त 1886 को अपने भक्तों और स्नेहितों को दुख के सागर में डुबाकर वे इस लोक में महाप्रयाण कर गये। रामकृष्ण परमहंस महान योगी, उच्चकोटि के साधक व विचारक थे। सेवा पथ को ईश्वरीय, प्रशस्त मानकर अनेकता में एकता का दर्शन करते थे। सेवा से समाज की सुरक्षा चाहते थे। रामकृष्ण का सारा जीवन अध्यात्म-साधना के प्रयोगों में बीता। वे लगातार कई घंटों तक समाधि में लीन हो जाते थे। चैबीस घंटे में बीस-बीस घंटों तक वे उनसे मिलनेवाले लोगों का दुख-दर्द सुनते और उसका समाधान भी बताते।

स्वामी रामकृष्ण परमहंस के भोले प्रयोगवाद में वेदांत, इस्लाम और ईसाइयत सब एक रूप हो गए थे। निरक्षर और पागल तक कहे जाने वाले रामकृष्ण परमहंस ने अपने जीवन से दिखाया था कि धर्म किसी मंदिर, गिरजाघर, विचारधारा, ग्रंथ या पंथ का बंधक नहीं है।

रामकृष्ण परमहंस मुख्यतः आध्यात्मिक आंदोलन के प्रणेता थे। जिन्होंने देश में राष्ट्रवाद की भावना को आगे बढ़ाया। उनकी शिक्षा जातिवाद एवं धार्मिक पक्षपात को नकारती हैं। विभिन्न धर्मों के माध्यम से रामकृष्ण के रहस्यमय अनुभवों ने उन्हें यह सिखाने के लिए प्रेरित किया कि विभिन्न धर्म पूर्ण ज्ञान और आनंद तक पहुँचने के अलग-अलग साधन हैं और विभिन्न धर्म पूर्ण सत्य की समग्रता को व्यक्त नहीं कर सकते हैं लेकिन इसके पहलुओं को व्यक्त कर सकते हैं। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिये उनके परम् शिष्य स्वामी विवेकानन्द ने एक मई 1897 को बेलुड़ में रामकृष्ण मिशन की स्थापना की। इस मिशन की स्थापना के केंद्र में वेदान्त दर्शन का प्रचार-प्रसार है। रामकृष्ण मिशन के उद्देश्य मानवता के सर्वांगीण कल्याण के लिए काम करना, विशेष रूप से गरीबों और दलितों के उत्थान के लिए।

न्यूज़ अपडेट

## जननायक कर्पूरी जी की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कार्यक्रम



**दुमका।** भारतरत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर टीन बाजार दुमका में सिविल सोसायटी, दुमका के तत्वावधान में माल्यार्पण व श्रद्धासुमन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सोसायटी के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा, सचिव संदीप कुमार जय बमबम, सेवानिवृत्त शाखा प्रबंधक सह उप मंडल प्रबंधक विपिन कुमार शर्मा, नवीन चन्द्र ठाकुर, ऋषभ वर्मा, मो0 मंजर आलम आदि ने कर्पुरी ठाकुर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

## जामताड़ा उपायुक्त कुमुद सहाय की अध्यक्षता में चौकीदार नियुक्ति समिति की आहूत बैठक संपन्न

**संवाददाता/जामताड़ा।** जामताड़ा उपायुक्त कुमुद सहाय की अध्यक्षता में चौकीदार नियुक्ति समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक के क्रम में उपायुक्त ने जामताडा जिलान्तर्गत चौकीदार की सीधी नियुक्ति को लेकर पूर्व में दिए निर्देश के अनुपालन का समीक्षा किया। उन्होंने नियुक्ति के संबंध में विज्ञापन प्रकाशन हेतु सभी बिंदुओं पर त्रुटियों का निराकरण करते हुए जल्द से जल्द विज्ञापन प्रकाशित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने अन्य जरूरी बिंदुओं पर समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवशयक एवं उचित दिशा निर्देश दिया। इस मौके पर अपर समाहर्ता श्रीमती पूनम कच्छप, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा सह जिला पंचायत राज पदाधिकारी श्री पंकज कुमार रवि संबंधित अंचल अधिकारी श्री अविश्वर मुर्मू के अलावा अन्य मौजूद रहे।

## शार्ट सर्किट के कारण हाइवा में लगी आग

**पाकुड़।** थाना क्षेत्र के सिमलढाब गांव के निकट एक हाईवा वाहन के वायर में शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई। जिससे वाहन जलकर राख हो गई। हालांकि इस दुर्घटना में किसी तरह की जानमाल की नुकसान नहीं हुई है। बताया जाता है कि हाईवा सं जेएच 16एच 5663 में देर रात करीब एक बजे सिमलढाप के समीप वाहन के वायरिंग में शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई। जो देखते ही देखते पूरे वाहन में फैल गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पा लिया। इस बाबत थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने बताया की आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जाएगी।



## महाशिरात्री की तैयारी में एकजुट हुए देवघर वासी,उतारा गया पंचशूल.!



**देवघर/** महाशिवरात्रि के लिए बाबा मंदिर में तैयारी जोर-शोर से चल रही है. परंपरा के अनुसार, सोमवार (17 फरवरी 2025) आज दोपहर में बाबा मंदिर परिसर में स्थित मंदिरों से चिंतामणि भंडारी की अगुवाई में पंचशूल खोले गए.! इसमें सबसे पहले भगवान गणेश मंदिर से पंचशूल को खोलने की परंपरा का निर्वहण किया गया. इसके बाद क्रमवार धीरे-धीरे अन्य मंदिरों से भंडारी परिवार के अगुवा चिंतामणी भंडारी की देखरेख में राजू भंडारी और उनके सहयोगियों के द्वारा पंचशूल खोले गए.! पंचशूल के नीचे उतरते ही इसे स्पर्श करने वालों की भीड़ लग गई. सुरक्षा घेरे में एक-एक कर पंचशूलों को बाबा मंदिर प्रशासनिक भवन लाया गया. पंचशूल की सफाई की तैयारी शुरु की गई.

» बाबा भोलेनाथ और माता पार्वती मंदिर के पंचशूल का होगा मिलन

परंपरा के अनुसार, 24 फरवरी को बाबा भोलेनाथ और माता पार्वती के मंदिर से एक साथ पंचशूल खोले जायेंगे. पंचशूल खोलने के बाद कुछ क्षण के लिए बाबा और माता के मंदिरों से उतारे जाने वाले पंचशूलों का मिलन कराया जायेगा. इस क्षण को देखने तथा पंचशूल को स्पर्श करने के लिए भारी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ने की उम्मीद है.

# बाल हित में बाल सुरक्षा, संरक्षण व संवर्धन के विषयों पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ शुभांरभ

**दुमका।**

राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान (एन आई पी सी सी डी) नई दिल्ली के द्वारा "मिशन वात्सल्य" के तहत महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बाल हित में बाल सुरक्षा, संरक्षण व संवर्धन के विषयों पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ शुभांरभ।

होटल अशोका दुमका में आयोजित कार्यशाला का शुभांरभ प्रशिक्षु आईपीएस डॉ० सैय्यद मुस्तफा हाशमी, विशेष किशोर पुलिस पदाधिकारी सह पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) इकुड डुंगडुंग, निपसिड की सहायक निदेशिका अभिलाषा मिश्रा,



जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अंजू कुमारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश चन्द्र, बाल कल्याण समिति के प्रभारी अध्यक्ष डॉ0 रंजन कुमार सिन्हा एवं किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य धर्मेन्द्र नारायण प्रसाद ने विधिवत संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया।

प्रशिक्षु आईपीएस ने प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन कर कार्यशाला में प्रशंसा करते हुए हुए कहा कि निपसिड द्वारा हमारे जिला में ऐसी कार्यशाला आयोजित की गई है यह दुमका जिला के लिए गर्व की बात है। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि प्रशिक्षण के दौरान बच्चों के समस्याओं को दूर करने हेतु कार्य योजना एवं रणनीतियां मुझे निजी रूप से साझा किया जाए। साथ ही पुलिस विभाग द्वारा हर संभव सहयोग किये जाने का आश्वाशन दिया। निपसिड, नई दिल्ली की सहायक निदेशिका सह प्रशिक्षक अभिलाषा मिश्रा ने किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 की अधिनियमों, प्रावधानों, शक्तियों, और अधिकारों को विस्तार पूर्वक बताया और साथ ही कहा कि जेजे एक्ट अन्य सभी अधिनियमों से सर्वोपरि है।

बाल अधिकार के विशेषज्ञ सह प्रशिक्षक पीयूष सेन गुप्ता के द्वारा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के प्रावधानों, अधिनियमों, शक्तियों, और अधिकारों को विस्तार पूर्वक बताया और साथ ही कहा कि बच्चों के प्रति हमलोगों को काफी संवेदनशील होकर कार्य करना होगा। उक्त प्रशिक्षण कार्यशाला में सीडब्ल्यूसी, जेजेबी, डीसीपीयू, एसजेपीओ, सीएचएल, सीएचडी, सीसीआई, एनजीओ एवं सभी थानों के बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# प्रमण्डल स्तरीय एक दिवसीय किसान कार्यशाला का आयोजन

**दुमका।**

सहायक उद्योग निदेशक (रेशम), संथाल परगना, दुमका के तत्वावधान में दिन सोमवार को इण्डोर स्टेडियम, दुमका में प्रमण्डल स्तरीय एक दिवसीय किसान कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्य शाला में उपस्थित रेशम कृषकों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सीएसबी के वैज्ञानिक "सीट" श्री मजूमदार के द्वारा कोकून के अनुरक्षण तथा अच्छी गुणवत्ता के रोग मुक्त चकत्ते पर विशेष प्रस्तुति की गई। कृषि वैज्ञानिक द्वारा मिट्टी एवं अर्जुन के पौधे पर विशेष परिचर्चा किया गया।

आईटीडीए निदेशक रवि जैन द्वारा बताया गया कि वन-धन योजना जो आईटीडीए से





संचालित होती है से किसानों को सम्मलित कर धागे एवं अन्य वैल्यू एडिशन का कार्य कराया जा सकता है, जिससे किसानों की आया में वृद्धि होगी। साथ की ये भी बताया गया कि सभी संबंधित विभाग समन्वय स्थापित कर कार्य करें ताकि आउटपुट अच्छा मिलेगा।

महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, दुमका द्वारा बताया गया कि कोकून को न बेच कर इसे धागा उत्पादन कर बेचने का कार्य किया जाय जाकि किसानों को ज्यादा आमदनी मिल सके। जिला कृषि पदाधिकारी, दुमका द्वारा अर्जुन के पेड़ का रोपण कर तसर उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। जेएसएलपीएस के डीपीएम के द्वारा बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में रेशम कोए का उत्पादन को और बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है, साथ ही तसर कोए से धागा बनाने का भी कार्य जल्द किया जायेगा। कार्यशाला को रवि शंकर शर्मा अग्र परियोजना पदाधिकारी, अग्र परियोजना केन्द्र, बोरियो, साहेबगंज के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के उपरांत कार्यक्रम समाप्त किया गया।

## सारठ के वर्तमान विधायक भूमि पूजन के नाम पर कर रहे हैं संवेदकों का दोहनः रणधीर कुमार सिंह



**चितरा ।** अपने कार्यकाल में सारठ विधानसभा क्षेत्र में मेरे द्वारा स्वीकृत कराए गए योजनाओं का वर्तमान सारठ विधायक भूमि पूजन के नाम पर संवेदकों का दोहन कर रहे है उक्त बातें सुबे के पूर्व मंत्री रणधीर सिंह ने सोमवार को अपने आवासीय कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मैने अपने कार्यकाल के दौरान करोड़ों की लागत से 70 से अधिक सड़कों का निर्माण एवं नवीनीकरण के लिए स्वीकृति दिलाई गई थी और वो सारी योजनाएं सरजमीं पर उतारकर कार्य चालु कराया गया। साथ ही हमनें कई सारी स्वीकृत योजनाओं का शिलान्यास भी कर दिया था। लेकिन वर्तमान विधायक खुद का श्रेय लेने के लिए मेरे शिलान्यास स्थल पर संवेदकों पर दवाब बनाकर एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा फिर से संचालित वैसे योजनाओं का शिलान्यास तथा भूमि पूजन किया जा रहा है। कहा कि पहले तो योजनाओं का काम रोका जाता है फिर कछुआ की गति से शिलान्यास किया जा रहा है। साथ ही आगे कहा कि मेरे अनुसंशा के आलोक में स्वीकृत चापानल का भी बदले के भावना से चयनित स्थल को भी बदले जा रहे हैं । उन्होंने आगे कहा कि विपक्ष का नेता होने के नाते मेरा राज्य सरकार से मांग है कि बाधित योजनाओं का काम शुरू कराया जाय ।

## बाइक दुर्घटना में 3 घायल

**पाकुड़।**

हिरणपुर-बरहरवा मुख्य सड़क पर बीरग्राम के समीप रविवार रात बाइक दुर्घटना में 3 युवक घायल हो गए। स्थानीय पुलिस एवं ग्रामीणों की मदद से घायलों को इलाज के लिए हिरणपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार तीनपहाड़ थानाक्षेत्र के सालबोनी निवासी कालीचरण कर्मकार, संजय कर्मकार एवं लखींदर कर्मकार एक ही बाइक में सवार होकर बरहेट के फुलबड़िया से बहन के तिलक समारोह में शामिल होकर घर लौट रहा था। इसी बीच बीरग्राम के समीप बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घनाग्रस्त ग्रस्त हो गई। जिससे बाइक सवार तीनों युवक घायल हो गए। जिसके बाद ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस की मदद से तीनों घायलों को इलाज के लिए हिरणपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद लखींदर कर्मकार की गंभीर हालत को देखते हुए उसे रेफर कर दिया गया।



# जामताड़ा उपयुक्त की अध्यक्ष में सामाजिक कल्याण एवं सुरक्षा विभाग की हुई बैठक दिए कई दिशा निर्देश

**संवाददाता/जामताड़ा**

जामताड़ा उपायुक्त कुमुद सहाय की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला समाज कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग, जिला पोषण टास्क फोर्स एवं बाल संरक्षण की मासिक समीक्षा हेतु बैठक आयोजित किया गया।

बैठक के क्रम में उपायुक्त कुमुद सहाय द्वारा समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, आंगनबाड़ी केंद्रों का आधारभूत संरचना, पोषण ट्रैकर एप पर एंट्री, सहित अन्य क्रियान्वित कार्यों/योजनाओं के अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई।

» शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति करें सुनिश्चित

बैठक में संबंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कहा की विभाग द्वारा जितनी भी योजनाएं चलाई जा रही है, उन सभी में लक्षित लक्ष्य के विरुद्ध शत प्रतिशत उपलब्धि को प्राप्त करें। इसके लिए उन्होंने सभी सेविका सहायिकाओं के साथ बैठक कर सभी योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य के प्राप्ति के लिए समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं सुदृढ़ रखने हेतु आवशयक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों में विद्युत कनेक्शन की जानकारी लेते हुए छूटे हुए सभी केंद्रों में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा पोषण ट्रैकर एप के अनुसार पूरक पोषाहार प्राप्त करने वाले लाभुकों में गर्भवती महिला, धात्री महिला, विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों आदि की समीक्षा की गई, जिसमें कुल लक्ष्य के विरुद्ध प्रविष्टि किए गए आवेदनों की समीक्षा की गई तथा शत प्रतिशत प्रविष्टि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों में सेविका सहायिका के पदों, भुगतान आदि को लेकर जानकारी ली एवं आवशयक दिशा निर्देश दिया।

» झारखंड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के तहत अयोग्य पेंशनधारियों को चिन्हित कर सत्यापन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश

वहीं उपायुक्त ने सामाजिक सुरक्षा के तहत झारखण्ड मईया सम्मान योजना, केंद्र एवं राज्य प्रायोजित पेंशन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, इसके अलावा सामाजिक सुरक्षा के तहत विभिन्न पेंशन योजना की समीक्षा कर पेंशनधारियों को पेंशन राशि आदि के भुगतान की समीक्षा किया गया। उन्होंने ससमय पेंशन भुगतान को लेकर आवशयक दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने मईया सम्मान योजना के तहत सभी प्रखंडों में अयोग्य लाभुकों को चिन्हित करते हुए लाभुकों का सत्यापन रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी अयोग्य लाभुकों को योजना का लाभ नहीं मिले, संबंधित अधिकारी इसे सुनिश्चित करें।

» पोषण टास्क फोर्स की बैठक में दिए गए जरूरी दिशा निर्देश

इसके अलावा उन्होंने जिला पोषण टास्क फोर्स की आहूत बैठक में पोषण संबंधित जिला अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों यथा रूटीन टीकाकरण, जननी सुरक्षा, मिशन परिवार, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, चाइल्ड न्यूट्रीशन, सप्लीमेंट्री न्यूट्रीशन, आंगनवाड़ी एनरोलमेंट, मैटरनल न्यूट्रीशन, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, आंगनवाड़ी इन्फ्रास्ट्रक्चर आदि की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने बाल संरक्षण इकाई की समीक्षा करते हुए स्पॉन्सरशिप योजना, पीएम केयर्स स्कीम, बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड के कार्यों की समीक्षा कर संबंधित को आवशयक एवं उचित दिशा निर्देश दिया गया। इस मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमति कलानाथ, डीसीपीओ श्रीमती अंजू पोद्दार, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका एवं अन्य उपस्थित रहे।

# आर. सी. भौमिक स्मृति रंगभरो प्रतियोगिता

## देवघर जिला में स्वस्तिक, दिशा, नेहा, राजदीप व राजनंदनी अपने अपने ग्रुपों में अव्वल

**देवघर/**

स्थानीय विवेकानंद शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संस्थान तथा आर. सी. भौमिक मेमोरियल ट्रस्ट के युग्म बैनर पिछले दिन देशभर में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था जिसमें हजारों की संख्या में विद्यार्थियों की भागीदारी हुई थी। विद्यार्थियों को चार ग्रुपों में बाँटा गया था। वर्ग प्ले से द्वितीय तक को ग्रुप ए में, वर्ग तृतीय से षष्ठ तक को ग्रुप बी में, वर्ग सप्तम से दशम तक को ग्रुप सी में, सर्व सर्व साधारण को ग्रुप डी में रखा गया था। आज देवघर जिला का परिणाम की घोषणा की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्रुप ए में देवघर संत फ्रांसिस स्कूल



के स्वस्तिक बणिक एवं अक्षित केशरी को क्रमशः प्रथम व द्वितीय, गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल की नव्या साव व साक्षी प्रिया को क्रमशः तृतीय व चतुर्थ जबकि जसीडीह संत फ्रांसिस स्कूल की मानसी गुप्ता को पंचम स्थान प्राप्त हुआ। ग्रुप बी में, डीएवी की दिशा रजनीश सिंह को प्रथम, एकलव्य पब्लिक स्कूल की रंजू कुमारी को द्वितीय, डीएवी की रिद्धि श्री को तृतीय, इसी विद्यालय के ऋषभ राज एवं राखी प्रिया को क्रमशः चतुर्थ व पंचम एवं माउंट कार्मेल पब्लिक स्कूल की रुचि सिन्हा व रिया सिन्हा, डीएवी के अर्चित राज, निर्मित साव, पम्मी प्रिया काव्या सिंह, देवघर संत फ्रांसिस की सानवी केशरी व कर्मसंभव इंटरनेशनल स्कूल, रोहिणी के रोशन पांडेय को सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। ग्रुप सी में, डीएवी की नेहा प्रिया को प्रथम, आशुतोष बालिका उच्च विद्यालय की रोशनी कुमारी को द्वितीय जबकि अन्य शिक्षण संस्थान के गौतम कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। ग्रुप डी में, ए.एस. कॉलेज के राजदीप रजनीश सिंह को प्रथम, डीएवी की दिव्यंका राज को द्वितीय, रमा देवी बाजला महिला महाविद्यालय की राजनंदनी को तृतीय, डीएवी की आयुषी कुमारी एवं पम्मी प्रिया को क्रमशः चतुर्थ व पंचम स्थान एवं इसी विद्यालय की नेहा प्रिया, बाजला कॉलेज की अनुप्रिया कुमारी, सतसंग कॉलेज की सुलेखा चौधरी, गृहिणी स्निग्धा बणिक व डिप्सर की पायल कुमारी को सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। पोर्ट्रेट पेंटिंग प्रतियोगिता में बाजला कॉलेज की राजनंदनी व अनुप्रिया कुमारी को क्रमशः प्रथम व द्वितीय जबकि मधुपुर की रुक्मिनी खातून को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सभी विजेताओं को इस माह के 23 को दीनबंधु उच्च विद्यालय स्थित रवींद्र सभागार में भौमिक ट्रस्ट के संस्थापक न्यासी राजर्षि भौमिक, वेक्सो इंडिया के संरक्षक प्रो. रामनंदन सिंह, डॉ. जय चन्द्र राज, गणेश प्रसाद उमर, केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार सिंह देव, दीनबंधु स्कूल के प्रधानाध्यापक काजल कांति सिकदार व अन्य अतिथियों के करकमलों से पुरस्कृत किया जाएगा।

## तालझारी थाना क्षेत्र के करमपुरातो के समीप एक सड़क दुर्घटना, साला जीजा हुए घायल



**साहिबगंज।** तालझारी थाना अंतर्गत बोहा गांव के जीवन मरांडी अपने बहनोई गुड्डन कुमार मुंडा निवासी सोती चौकी मदनसाही के साथ सकरी महाराजपुर के रास्ते, स्कूटी से धान लेकर बांधना पर्व के लिए चूड़ा कूटाने कल्याणचक आया था । चूड़ा कूटा कर वापस अपने घर जा रहा था । कि तालझारी महाराजपुर मुख्य मार्ग करणपुरा के पास अनियंत्रित होकर गिर पड़ा और घायल हो गया जिससे उसके बाएं पैर घायल हो गया घायल युवक किसी तरह तालझारी पहुंचा इसी बीच घायल युवक पर सड़क सुरक्षा योद्धा प्रजापति प्रकाश बाबा की नजर पड़ी,बाबा ने उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचें जहां उनका इलाज डॉक्टर मिलिंद कुमार की देखरेख में ड्रेसर रामचंद्र के द्वारा किया गया। इधर घटना की सूचना पाकर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालझारी पहुंचे और घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद अपने घर ले गए

न्यूज़ अपडेट

## अंबा प्रसाद ने राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन उरीमारी कार्यालय में केक काटकर मनाया जन्मदिन



**बड़कागांव** । राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन (इंटक) उरीमारी कार्यालय में रविवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव / सह प्रभारी पश्चिम बंगाल बड़कागांव विधान सभा क्षेत्र के पुर्व विधायक अम्बा प्रसाद की उपस्थित हुई।यूनियन के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के नेतृत में पुर्व विधायक अम्बा प्रसाद से केक कटवाकर जन्म-दिन मनाया गया।मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने पुर्व विधायक अंबा प्रसाद को जन्म-दिन की बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। पुर्व विधायक अम्बा प्रसाद ने उपस्थित लोगों को अपने हाथों से केक खिलाया। और हर कदम पर साथ देने एवं साथ मिलकर चलने को लेकर आभार जताया।उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से क्षेत्रीय त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति सदस्य गणेश राम , डाक्टर जीआर भगत , रवि पावरिया , उप मुखिया सतीश कुमार, सिंह ,दीपक यादव ,गौतम प्रसाद ,राकेश चुटुल पांडे सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## पुनर्वास की अधूरी कहानी ढेंगा कॉलोनी में सुविधाओं का अभाव

- **विस्थापित परिवारों ने पुनर्वास कॉलोनियों में सुविधाओं की कमी पर असंतोष व्यक्त किया है।**



**हजारीबाग** । एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल खनन परियोजना से हुए विस्थापित परिवारों को अभी भी ढेंगा कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं का इंतिज़ार है। विस्थापित परिवार अपने अधिकारों की प्रतीक्षा कर रहे परिवारों को अभी राहत मिलती नज़र नही आ रही है। बड़कागांव में एनटीपीसी कोल खनन परियोजना से विस्थापित परिवारों के चल रहे पुनर्वास के बीच आर एंड आर (पुनर्वास और पुनर्वास) कॉलोनी में अपर्याप्त सुविधाओं के बारे में कई विसंगतियां सामने आई हैं। एनटीपीसी वर्तमान में परियोजना प्रभावित क्षेत्र की बस्तियों से लोगों को विस्थापित करने की प्रक्रिया में हैं, कुछ दिन पूर्व अखबारों में खबर आई कि परियोजना प्रमुख द्वारा विस्थापित हुए परिवारों का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया जिसमें बताया गया कि अब तक 2189 परिवार विस्थापित हो चुके है जिसमे 103 परिवार आर एंड आर कॉलोनी ढेंगा में पुनर्वासित हो चुके है बाकी परिवार अपने सुविधाओं से वंचित हैं।

## ग्रामीणों की बैठक, पलायन व रोजगार के मुद्दे पर विमर्श

केरेडारी मे ग्रामीणों की बैठक सोमवार को डोबी टोला गांव में हुई. इसकी अध्यक्षता दीपक कुमार ने की. बैठक में अजय मेहता ने कहा कि क्षेत्र के गरीब लोगों को अधिकार दिलाया जायेगा. इसके लिए लोगों को जागरूक होना होगा. उन्होंने कहा कि प्रखंड में पलायन व रोजगार की समस्या बढ़ रही है. यह चिंता की बात है. कोलियरी व फैक्टरी प्रबंधन की पहल से ही पलायन की समस्या को दूर किया जा सकता है. क्षेत्र की स्पंज फैक्टरियां प्रदूषण फैला रही है. इस पर रोक लगाने की मांग की. प्रखंड मुख्यालय में भ्रष्टाचार है. इसके खिलाफ
आंदोलन किया जायेगा.प्रखंड की सभी पंचायतों में ग्रामीणों को लेकर कमेटी गठित की जायेगी. संचालन सुनील महतो ने किया. बैठक में राम कुमार, सूरज कुमार, दसरथ राम, मनोज राम कविता देवी, महादेव कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बायोमेट्रिक अटेंडेंस नहीं बनाने का निर्णय

इचाक मे क्षेत्र के बिरसा परियोजना मे इनमोसा की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता राजेश कुमार ने की. बैठक में कहा गया कि बिरसा परियोजना प्रबंधन ने बायोमेट्रिक अटेंडेंस के लिए पत्र जारी किया है. जबकि अभी तक बिरसा परियोजना में सभी स्थानों पर बायोमेट्रिक मशीन नहीं लगी है. पूरी तैयारी नहीं रहने के बावजूद आदेश पत्र जारी करना सही नहीं है. बैठक में निर्णय हुआ कि सभी जगह मशीन लगने तक इनमोसा से जुड़े लोग बायोमेट्रिक का इस्तेमाल नहीं करेंगे. यह भी कहा गया कि प्रबंधन ने संडे ड्यूटी कराने के बाद भी पैसे का भुगतान नहीं किया है. भुगतान नहीं करने के पीछे के कारणों की भी जानकारी नहीं दी है. इससे रोष है. बैठक में क्षेत्रीय राजकुमार शाखा दीपू कुमार, बिलाश कुमार , सुरेंद्र कुमार विनय कुमार उपस्थित थे

## देवचन्दा में लाभुकों को धोती साड़ी वितरण



**प्रतिनिधि बरही**। बरही। प्रखंड अंतर्गत केदारुत के देवचन्दा जन वितरण प्रणाली दुकान में राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजना सोना सोबरन योजना के तहत लगभग एक सौ लाभुकों को धोती, साड़ी और लूंगी वितरण किया गया। पंचायत के मुखिय प्रतिनिधि विशेश्वर यादव ने लाभुकों को अपने हाथों से योजना के साड़ी, धोती और लूंगी दिया। मौके पंचायत समिति सदस्य विकास सिंह, सुरेश यादव, रमेश सिंह, अनिल राम, फूलमती देवी, मनोज राम, प्रदीप राम, जगदीश भुईयां, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# एनटीपीसी कोल माइनिंग परियोजना ने 40 मोतियाबिंद मरीज का ऑपरेशन कराया

**बड़कागांव।**



एनटीपीसी पकरी बारवाडीह कोल माइनिंग परियोजना द्वारा 40 मोतियाबिंद मरीज का ऑपरेशन कराया गया। परियोजना द्वारा पोषक क्षेत्र के गांव में शिविर लगाकर मोतियाबिंद मरीजों की पहचान की गई। पोषक क्षेत्र के बड़कागांव प्रखंड के सीकरी , केरेडारी प्रखंड के बरियातू कंडाबेर , बानादाग एंव पसे गांव मैं शिविर आयोजित कर 40 वृद्ध मरीजों की पहचान की गई।उक्त मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन जयप्रकाश नारायण नेत्र चिकित्सालय चौपारण में नेत्र विशेषज्ञ के द्वारा एनटीपीसी ने कराया। जिससे लोगों की खोई हुई आंखों की रोशनी लौटकर आ जाए एवं अपने-अपने नीतिक्रिया को आसानी से कर सके।दइस संबंध में वरिष्ठ प्रबंधक कमला राम रजक ने कहा कि अन्य पंचायत एवं गांव में भी लगातार शिविर लगाकर मरीजों की पहचान जारी है।साथ ही साथ क्षेत्र में भी एनटीपीसी ने कार्य करने का निर्णय लिया है।जैसे दिव्यांग जनों के प्रति भी हम लोंगो का सकारात्मक सोच है और जल्द ही हमलोग इसको पहल करेंगे।हमारी पूरी टीम कार्य के लिए लगी है जिससे परियोजना प्रवाहित जनता किसी भी समस्या से छुटकारा मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि मरीज को घर से वाहन के माध्यम से ऑपरेशन करने के लिए ले जाया जाता है और फिर वापस ऑपरेशन करा कर कुशल मंगल उनके भी उपलब्ध कराया जा रहा है।इस ऑपरेशन के बाद वृद्ध लोगों में काफी खुशी है।सभी ने एनटीपीसी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## ग्रेट इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस द्वारा एक दशक उत्सव मनाया गया

**श्रमबिंदु।विष्णुगढ़।**



विष्णुगढ़ के बैंक ऑफ़ इंडिया स्थित ग्रेट इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस के द्वारा एक दशक उत्सव एवं पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह का आयोजन संस्थान के दस वर्ष पूर्ण होने के उपलक्षय पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थान के निदेशक प्रदीप कुमार महतो एवं विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज के शिक्षक संजय कुमार कुशवाहा विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्ववर्ती सभी छात्र रहे एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के निदेशक सुनील कुमार, शिक्षक राजेश कुमार, चन्द्रदेव कुमार, अजय कुमार, प्रेमचंद कुमार, सुरेश कुमार महतो,अखिलेश महतो का महत्वपूर्ण योगदान रहा अतिथि स्वरूप कालेश्वर महतो , गोल्डन वे पब्लिक स्कूल के निदेशक दिलीप कुमार उपस्थित हुए। संस्थान के निदेशक सुनील कुमार ने अपने अभिभाषण में कहा कि यह अल्यूमीनि मिलन बहुत खास है, क्योंकि यह कार्यक्रम में ऐसे छात्र से मिलने का मौका मिल रहा जो सालों से नहीं मिले है। इस मिलन से जी आई आई एस अल्यूमीनि एक ऐसा समूह बन सकता जो समाज और देश के लिए एक अच्छा काम कर सकते है, जिससे देश को आगे बढ़ाने में नयी दिशा मिल सकता है। इसलिए अल्यूमीनि मिट बहुत ही खास है। अपने मन की बात में हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी तारीफ करते हुए कहा कि यह अनोखा पल होता है जिसमें लोग यादगार पल को तरोताजा करता है। मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि इस साल से जी आई आई एस इंटर साइंस कॉलेज का प्रारंभ हो रहा , इस इंटर साइंस कॉलेज के छात्रों को अलग से संपूर्ण पढाई करने के लिए कोचिंग की जरूरत नहीं पड़ेगी। क्योंकि यहाँ पर अनुभवी शिक्षको द्वारा हर दिन क्लास होगी। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रदीप कुमार महतो ने बताया कि हमारा संस्थान एक दशक पूरा कर लिया। इस दशक के अंतराल में हमारे कई छात्र अच्छे जगहों पर है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप संजय कुमार कुशवाहा, राजेश महतो, चन्द्रदेव कुमार, 2016 बैच के छात्र बालमुकुंद दास ,सुनील कुमार योगेन्द्र कुमार , उमेश कुमार, 2017 बैच के योगेन्द्र कुमार, रंजीत कुमार, सूरज कुमार, 2018 बैच के प्रेमचंद कुमार , प्रकाश, मोनू , पूजा,संतोष, रविशंकर इत्यादि 2019 के अजय, मनोज, संगीता इत्यादि इसके अलावा 2020 ,2021 , 2022 , 2023 और 2024 बैच के कई छात्र उपस्थित रहे। इसके अलावा जी आई आई एस रेसिडेंशियल के बच्चों द्वारा साँस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

## सतकडिया मे अबुवा संथाल समाज भारत दिशोम की प्रखंड स्तरीय सम्मेलन आयोजित

सतकडिया गांव मे प्रखंड स्तरीय अबुवा संथाल समाज भारत दिशोम की सम्मेलन आयोजित किया गया। आयोजित सम्मेलन मे दीपक टुडू, शिवजी बेसरा, प्रमोद किस्कू व समीर मुर्मू मुख्य रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम का आरंभ विधिवत रूप से संथाल समाज की सांस्कृतिक धरोहर व अपनी अस्मिता की रक्षा को लेकर किया गया। मौके पर संथाल समाज के समीर मुर्मू व दीपक टुडू ने कहा कि सामाजिक सांस्कृतिक धरोहर को बचाने के लिए संथाल समाज कटिबद्ध है। उन्होने कहा समाज के उत्थान से ही लोग सशक्त रुप से मजबूत होगा। समाज मे फैले व्याप्त कुरीतियो को दुर करने तथा शिक्षा पर जोर देने की बात कही। समीर मुर्मू ने कहा कि समाज आज भी विकास के रास्ते से कोसो दुर है। सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, राजनीतिक व वैचारिक दृष्टिकोण से कमजोर होने के कारण समाज का चौहूंमुखी विकास हासिय पर खडा है। आदिवासी संथाल की जल जंगल जमीन खतरे पर खडा है। कहा कि समाज को संगठित के साथ साथ अपने हक अधिकार की लडाई के लिए मुखर होने की जरूरत है। सम्मेलन के पश्चात डाडी प्रखंड स्तरीय कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से संथाल समाज भारत दिशोम की प्रखंड अध्यक्ष बहाराम, सचिव शिवनारायण मांझी व समीर मुर्मू को मीडिया प्रभारी चुने गये। पदाधिकारियो को समाज के द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया।
सम्मेलन मे ये लोग थे मौजूदः धनीराम किस्कू, लालदेव मांझी,रामप्रसाद मांझी,प्रकाश मांझी,महादेव मुर्मू, जगदीश सोरेन, शिवकुमार बेसरा,संजुल हंसदा, बोबिका मांझी, संजय सोरेन, गोपाल मांझी, सुखदेव टुडू, रवि, जितेंद्र मंराडी, रमेश किस्कू, सुरेश मंराडी आदि शामिल थे।

## पुलिस ने बुढ़वा महादेव जंगल में फांसी के फंदे में झूलता अज्ञात लाश बरामद किया



**बड़कागांव।** पुलिस ने महुदी पहाड़ स्थित चरका नदी जंगल के समीप पेड़ पर फांसी के फंदे पर झूलता हुआ अज्ञात युवक की लाश बरामद किया है। उम्र लगभग 20 से 25 साल बताई जा रही है। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। मामले को लेकर अवर पुलिस निरीक्षक आशीष भगत ने बताया कि लाश की पहचान परिजन के लिए मुर्दा घर में 72 घंटे के लिए रखा गया है। अन्यथा 72 घंटा के पश्चात ,लाश को अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा। मृतक युवक पीला टी-शर्ट एवं ब्लू जींस पहने हुए है घटनास्थल पर जूता बिखरा पड़ा है। बताते चले की घटना जंगल में जानवर चरा रहे चरवाहों ने पेड़ से झूलता हुआ लाश देखा। जिसकी जानकारी चरवाहों ने स्थानीय ग्रामीणों को दिया। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया।

## विष्णुगढ़ के गोविंदपुर में यज्ञ को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक



**श्रमबिंदु।विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के गोविंदपुर गाव में शिवमंदिर परिसर में ग्रामीणों ने रविवार की एक बैठक की। बैठक में शिवमंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर महायज्ञ को सफल बनाने की चर्चा हुई। जिसमे बताया गया कि आगामी 02 अप्रैल को ध्वजारोहण,14 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ यज्ञ प्रारम्भ होगी जो 22 अप्रैल को पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न होगी। 02 अप्रैल से गांव में मांस मदिरा पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। बैठक में यज्ञ समिति के अध्यक्ष सोमर महतो, उपाध्यक्ष अंतु पंडित,सचिव तिलक साव,उपसचिव महेश महतो, कोषाध्यक्ष विजय साव, सोबरन महतो, हरेंद्र महतो, संगठन मंत्री तुलसी महतो, जितेंद्र भास्कर, सरयू साव के अलावा उमेश सिंह, तिलेश्वर साव, शंकर सिंह, सन्तोष सिंह,भुवनेश्वर सिंह,अमृत साव,मुकेश महतो,प्रयाग महतो,नीलकंठ महतो,परमेश्वर सिंह,भीम रविदास,मोहन रजक,मूरत महतो आदि उपस्थित थे।

## रेलवे ग्रुप डी आवेदन के लिए अतिरिक्त समय की मांग लोगो ने रेलवे मंत्री भारत सरकार और रेलवे विभाग से किया।

- **विषयः रेलवे ग्रुप डी ऑनलाइन आवेदन के लिए अतिरिक्त समय की मांग**

महोदय/महोदया,---- मैं आपके सामने एक महत्वपूर्ण मामला लाना चाहता हूँ जो झारखंड के कई युवाओं को प्रभावित कर रहा है। रेलवे ग्रुप डी की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के दौरान, कई आवेदनकर्ताओं को जाति और आवासीय प्रमाण पत्र बनाने में समस्या का सामना करना पड़ रहा है, जो कि सर्वर की समस्या के कारण हो रहा है।
इस समस्या के कारण, कई आवेदनकर्ता ऑनलाइन आवेदन करने में असमर्थ हैं और उनकी आवेदन प्रक्रिया अधूरी है। इस समस्या के समाधान के लिए, हम रेलवे विभाग से अनुरोध करते हैं कि ऑनलाइन आवेदन के लिए अतिरिक्त समय दिया जाए, ताकि सभी आवेदनकर्ता अपने आवेदन पूरे कर सकें।
हमें लगता है कि कम से कम 15 दिन का अतिरिक्त समय दिया जाना चाहिए, ताकि सभी आवेदनकर्ता अपने आवेदन पूरे कर सकें।
हम आपके सहयोग और समर्थन की आशा करते हैं और इस मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई करने का अनुरोध करते हैं।

## भू-राजस्व लगान वसूली में विष्णुगढ़ प्रखंड हजारीबाग जिला में बना नंबर वन




**श्रमबिंदु।विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ भू राजस्व लगान वसूली में विष्णुगढ़ प्रखंड हजारीबाग जिला में बना नंबर वन। यह जानकारी विष्णुगढ़ अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ने दी। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए सभी विष्णुगढ़ प्रखंडवासियों को को आभार व्यक्त करते हुए सहदय से धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि जनहित में लगाए गए भू राजस्व लगान वसूली शिविर की पहल से हमे काफी फायदा मिला है। वित्तीय वर्ष जुलाई में हम काफी पीछे थे, इससे पूर्व में भी विष्णुगढ़ प्रखंड लगान वसूली में एक या दो पर प्रखंड रहता था। आज हजारीबाग सदर हमसे पीछे हैं, यह हमारी एक बड़ी उपलब्धि है। हम लोगों का अच्छा प्रयास रहा, जिससे हम जिला टॉपर हुए और आगे भी प्रयास के लिए सुतुरवर्ती क्षेत्र के दूर दराज गांव में पंचायत स्तरीय भू राजस्व लगान वसूली, रसीद निर्गत के लिए शिविर लगाया जाएगा।

## समाजसेवी जितेंद्र यादव को पितृ शोक



**श्रमबिंदु।विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के गैड़ा पंचायत निवासी जितेंद्र यादव के पिता ज्ञानी यादव का रविवार की रात्रि दस बजे देहांत हो गया, मृतक ज्ञानी यादव 62 वर्ष के थे। इस घटना की सूचना पाकर विष्णुगढ़ मध्य जिला परिषद् सदस्य शेख तैयब, गैड़ा मुखिया आशा देवी, पंचायत समिति सदस्य महताब हुसैन ने उनके परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। मृतक की पत्नी एवं उनके परिजन ज्ञानी यादव की मृत्यु से बहुत आहत थे। इस घटना से पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुधीर सिंह, उपमुखिया सुनील कुमार, धर्मवीर यादव, महेंद्र यादव, हैदर अंसारी, बिंदु देवी, बासुदेव पंडित समेत कई समाज सेवियों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया।

## कुंभ से लौटते बस हाइवा से टकराई, 8 श्रद्धालु घायल



**प्रतिनिधि बरही।** बरही। चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत पांडेवारा पेट्रोल पंप के नजदीक प्रयागराज कुंभ से लौटते बस ने हाईवा के पीछे टक्कर मार दी। बस में सवार चालक सहित 8 लोग घायल हो गए, जिसे उपचार के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां उनकी प्राथमिक उपचार की गई। चिकित्सक इलाज के दौरान बताया कि घायल सभी लोग सुरक्षित हैं। घायलों में 50 वर्षीय उर्मिला देवी, 50 वर्षीय कांति देवी, 55 वर्षीय मंजुला देवी, 50 वर्षीय जयंती देवी, 55 वर्षीय तुलसी पंडित, 55 वर्षीय भगवती देवी, 60 वर्षीय रुपमणी देवी, सभी गोड्डा के हैं। पश्चिमी बंगाल के राजनंदनी बस चालक 52 वर्षीय नरेश मौरी भी घायलों में शामिल हैं। घटना की जानकारी देते उक्त बस चालक ने बताया कि मेरी बस आगे हाइवा वाहन समानांतर दिशा में चल रही थी, इतने में हाइवा वाहन द्वारा एकाएक ब्रेक लगा दिया, जिससे अनियंत्रित होकर बस हाइवा से टक्करा गई।

# देवलप पब्लिक स्कूल मे प्रबंधन एवं अभिभावक की बैठक हुई संपन्न

## बच्चो को संस्कार युक्त तथा गुणवतपूर्ण शिक्षा देना हमारा लक्षय - विकाश कुमार पांडेय

**श्रमबिंदु इचाक**

इचाक :बरका खुर्द मे स्थित डेवलप पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के अभिभावक के साथ विद्यालय प्रबंधन की एक आवशयक बैठक बुलाई गई जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका के साथ सैकड़ों की संख्या में अभिभावक उपस्थित हुए । बैठक की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के संयोजक भगवान पाण्डेय के द्वारा किया गया। बैठक में बच्चों के पठन-पाठन, बेहतर शिक्षण कौशल, अनुशासन, रिजल्ट , आगामी सत्र में बच्चों को मिलने वाली सुविधा पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। विद्यालय के निदेशक विकास कुमार पाण्डेय ने अभिभावकों को बताया कि बच्चों को संस्कार युक्त तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना अनिवार्य है इसलिए अभिभावकों को विद्यालय के शिक्षकों के साथ मिलकर बच्चों को चरित्रवान और गुणवान बनाना चाहिए।
विद्यालय के प्राचार्य मनोज मेहता ने बताया कि नई शिक्षा नीति इस सत्र से लागू हो रहा है इसलिए बच्चों को कई तरह के आधुनिक शिक्षा देना अनिवार्य है इसी के तहत आगामी सत्र में विद्यालय में बच्चों को कंप्यूटर और प्रोजेक्टर के माध्यम से ऑडियो विजुअल पढ़ाई दी जाएगी। विद्यालय के उप प्रचार्य निशु निशा ने बताया कि विद्यालय में 28 फरवरी तक मुफ्त नामांकन की सुविधा दी जा रही है




इसलिए अभिभावकों को अधिक से अधिक इसका लाभ उठाना चाहिए। विद्यालय के शिक्षक निशांत राज ने अभिभावकों को वर्तमान में यू डाइस प्राप्त विद्यालयों में बन रहे बच्चों के अपार आईडी से संबंधित कई जानकारी दी । उन्होंने अभिभावकों से अपील किया कि डेवलप पब्लिक स्कूल बरकाखुर्द,रतनपुर में जिसका यू डाइस कोड - 20040902203 है में अपने बच्चों का नामांकन करवाएं और सभी बच्चों का अपार आईडी बना लें ताकि बच्चों का भविष्य में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न ना हो। सभा के अंत में दशम वर्ग के विद्यार्थियों को शहीद मेला बोधिबागी, कुरहा में किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उपायुक्त महोदया तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा हस्ताक्षर युक्त प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही आगामी परीक्षा के लिए शुभकामना देते हुए भावभीनी विदाई दी गई। विद्यालय के शिक्षक जयकुमार पाण्डेय ने बच्चों को परीक्षा से संबंधित कई दिशा निर्देश दिए और बच्चों के बेहतर रिजल्ट के लिए शुभकामना दिया । सभी शिक्षक शिक्षिकाओं सहित सैकड़ो की संख्या में उपस्थित अभिभावकों के द्वारा सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई । विद्यालय में पठन-पाठन अनुशासन और आगामी सत्र में बच्चों के लिए शिक्षण व्यवस्था को देखकर अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन की शराहना किया। अभिभावकों ने सभी शिक्षक और विद्यार्थियों को शुभकामना देते हुए उत्तम प्रयास को देखकर खुशी जाहिर किया । मौके पर विद्यालय के शिक्षक जयकुमार पाण्डेय, दिवाकर कुमार, अंजलि रजक, सविता प्रजापति, पूनम मेहता, रेशमी मेहता, पूजा कुमारी, शीतल कुमारी, कल्पना कुमारी, स्नेहा कुमारी सहित सैकड़ो की संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

न्यूज़ अपडेट

## बालीडीह ओपी के कुंडोरी में उत्पाद विभाग ने अवैध शराब फैक्ट्री का किया उद्भेदन

- मौके से 150 लीटर स्पिरिट,100 लीटर विदेशी शराब, विभिन्न ब्रांडों के स्टीकर, खाली बोतल, लेबल ढ़क्कन किया जब्त



**बोकारो** – उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार एवं सहायक उत्पाद आयुक्त के मार्गदर्शन में जिला उत्पाद टीम ने बालीडीह ओपी क्षेत्र के कुंडोरी के कुलींग पोंड के समीप अवैध शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया।मौके से टीम ने भारी मात्रा में तैयार अवैध शराब, शराब बनाने की सामग्री विभिन्न ब्रांड के स्टीकर, खाली बोतल, विभिन्न ब्रांड के ढक्कन जब्त किये।वहीं, मामले में संलिप्त अभियुक्त राजा बाबू उर्फ़ सहदेव साहू पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करवाया गया ।छापामारी दल में उत्पाद निरीक्षक विजय कुमार पाल, उत्पाद अवर निरीक्षक सदर-सह-तेनुघाट सन्नी विवेक तिर्की, उत्पाद अवर निरीक्षक बेरमो-सह-चंदपुरा महेश दास आदि उपस्थित थे।

## विधायक श्वेता सिंह ने मंत्री से मिलकर नदी के प्रदूषण ,अतिक्रमण से अवगत करवाया

**निर्मल महाराज /बोकारो** – बोकारो परिसदन में भारत सरकार के



पर्यावरण,वन, जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री और विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह के बोकारो प्रवास के अवसर पर विधायक श्वेता सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया।इस अवसर पर श्रीमती सिंह ने बोकारो वासियों की तरफ से बोकारो आगमन की शुभकामना दी।इस अवसर पर बोकारो विधानसभा में व्याप्त क्षेत्रीय समस्याओं पर गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी एवं जिला उपायुक्त के साथ विशेष बैठक हुई। इस अवसर पर विधायक श्रीमती सिंह ने मंत्री के सामने दामोदर नदी एवं गरगा नदी में प्रदूषण,अवैध रूप से नदीयो का अतिक्रमण,सेल के चिमनियों से निकलने वाला धुआं और बियाडा क्षेत्र के प्रदूषण और कुछ स्थानों पर लगातार वन विभागो के जमीन पहाड़ों को भी अतिक्रमण कर रहे हैं ऐसे गंभीर मुद्दों को लेकर मंत्री को अवगत करवाया।मंत्री ने इस मामले को गंभीरता से लिया और बोकारो की जनता को आश्वस्त किया कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान किया जाएगा। झारखंड प्रदेश जल जंगल जमीन को बचाने के लिए ही निर्माण हुआ है लेकिन कुछ माफिया प्रवृति के लोग झारखंडी जनभावना को दरकिनार कर के चल रहे हैं लेकिन अब ऐसा नहीं चलेगा।हम सभी अपनी भू संपदा बचाने के लिए कमर कस चुके हैं।

## बी एस एल के एस एम एस -क्कएंड सी सी एस विभाग ने दैनिक उत्पादन का बनाया नया रिकॉर्ड

**बोकारो** – बोकारो स्टील प्लांट के एस एम एस -क्कएंड सी सी एस विभाग ने एक दिन में 47 हीट के साथ 13281 टन क्रूड स्टील का उत्पादन करके दैनिक उत्पादन का नया रिकॉर्ड बनाया है. इसके पूर्व 20 अक्टूबर 2022 को एस एम एस -क्क एंड सी सी एस विभाग के द्वारा 46 हीट के साथ 12880 टन क्रूड स्टील का रिकॉर्ड दैनिक उत्पादन किया गया था. यहाँ यह उल्लेखनीय है कि बोकारो स्टील प्लांट के एस एम एस -क्क एंड सी सी एस विभाग ने वर्ष 2025 के जनवरी माह में 337500 टन क्रूड स्टील का उत्पादन करके पूरे सेल में क्रूड स्टील के मासिक उत्पादन का नया रिकॉर्ड बनाया था. कार्यकारी निदेशक प्रभारी सी आर महापात्रा के साथ बोकारो स्टील के शीर्ष प्रबंधन ने मुख्य महाप्रबंधक (एस एम एस -क्कएंड सी सी एस) अरविन्द कुमार एवं उनकी समस्त टीम तथा सभी सहयोगी विभागों तथा संविदा कर्मियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी है.



## पश्चिम बंगाल के बागमुंडी थाना क्षेत्र में लूटपाट करने के बाद सोनाहातु थाना क्षेत्र में अपराधियों की स्विफ्ट डिजायर जप्त ।



पश्चिम बंगाल पुरुलिया जिले के बागमुंडी थाना अंतर्गत सुईसा ओपी के नावाडीह गांव के समीप मवेशी और बैल व्यापारियों से 15 लाख रुपए की लूटपाट करने के बाद भाग रहे गिरोह की कार को सोनाहातु पुलिस ने जब्त किया है।ग्रामीणों के अनुसार सोनाहातु थाना क्षेत्र के टांगटांग गांव के डोमडा सतीया पर सोमवार दिन के 4 बजे के आसपास सफेद कार से उतर ओर कुछ लोग जंगल की ओर भाग रहे थे। मामले को संदिग्ध समझते हुए तत्काल बुंडू डीएसपी को सूचना दिया गया। सूचना मिलते ही सोनाहातु पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। तब तक काफी संख्या में ग्रामीण कार को घेर लिया था ।बंगाल में लूटपाट करके भाग रहे गिरोह का कार सतिया में फंस गया, जिस कारण उन्हें मजबूरन में कार को छोड़कर भागना पड़ा।

इस संबंध में डीएसपी बुंडू ओम प्रकाश ने बताया कि सुईसा ओपी के नावाडीह गांव के समीप मवेशी व्यापारियों से 15 लाख रुपए की लूटपाट करने के बाद भाग रहे गिरोह की स्विफ्ट डिजायर कार खल05उद्ध 8866 को ग्रामीणों के सूचना पर जब्त किया गया है। बंगाल पुलिस के मदद से मामले की छानबीन किया जा रहा है और जल्दी अपराधियों को गिरफ्तार किया जायेगा।

# नीति आयोग के सभी आयामों में जिले का प्रदर्शन संतोषजनक, मंत्री ने जताई प्रसन्नता

**बोकारो -**




भारत सरकार के वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन एवं विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने सोमवार को बोकारो परिसदन सभागार में उपायुक्त विजया जाधव समेत जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ नीति आयोग द्वारा निर्धारित विभिन्न आयामों अंतर्गत किए गए विकास कार्यों के संबंध में विस्तार से समीक्षा की। मौके पर जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार, डीआरडीए निदेशक मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर आदि उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित उपायुक्त विजया जाधव ने केंद्रीय मंत्री वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन एवं विदेश राज्यमंत्री को क्रमवार स्वास्थ्य पोषण, शिक्षा, कृषि जल संसाधन, बुनियादी ढ़ांचा एवं वित्तीय समावेशन और कौशल विकास के क्षेत्र में किए गए कार्य, आंकांक्षी जिला आंकांक्षी प्रखंड का कंपोजिट स्कोर एवं डेल्टा रेंक के संबंध में बताया। बैठक में स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में जिले के लिए प्रमुख चुनौती एवं जिला प्रशासन द्वारा किए गए प्रयासों से अवगत कराया गया। जिसमें एनीमिया, ट्यूबरकुलोसिस (टीबी) और स्वास्थ्य सेवाओं के दिशा में किए गए कार्यों को बताया। टीबी के रोकथाम को लेकर कई जागरूकता शिविर, मरीजों के पहचान/उपचार को लेकर 2,285 टीवी शिविर आयोजित किया गया। बेहतर पोषण एवं बीमारी से तेजी रिकवरी को लेकर 633 टीबी मरीजों के बीच 2,428 फूड बास्केट का वितरण किया गया। वहीं, गर्भवती महिलाओं में एनीमिया नहीं हो, ससमय उनका जांच और उपचार हो इसके लिए जिला प्रशासन के पहल पर डीएमएफटी मद से 124 हेमोग्लोबिनोमीटर उपलब्ध कराया गया है, 4000 से ज्यादा आंगनबाड़ी कर्मियों को तीन महिने का प्रशिक्षण दिया गया है, ताकि वह तकनीकी रूप से दक्ष हो सकें। प्रत्येक माह के 09 एवं 11 तारीख को विशेष जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने को लेकर आंगनबाड़ी केंद्रों को अपग्रेड किया है। गर्भवती महिलाओं के जांच के लिए सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में एएनसी टेबल, बीपी मशीन, वेट मशीन आदि उपलब्ध कराया गया है, जहां प्रत्येक सप्ताह के गुरुवार झ शनिवार को आंगनबाड़ी सेविका सहायिका एवं स्वास्थ्य विभाग की सहिया एएनएम द्वारा टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं का एएनसी जांच किया जाता है। आवशयकतानुरूप स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सक, पारा मेडिकल, एएनएम जीएनएम एवं माड्यूलर ओटी सदर अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जिला खनीज फाउंडेशन ट्रस्ट से उपलब्ध कराया गया है। इसी क्रम में जिला प्रशासन ने सीएसआर के तहत स्वास्थ्य सहियाओं को ईलेक्ट्रानिक स्कूटी भी उपलब्ध कराया है, ताकि दुर्गम क्षेत्रों में भी लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिल सकें। संस्थागत प्रसव के मामले में जिले का प्रदर्शन शतप्रतिशत है। आंगनबाड़ी केंद्रों को माडल आंगनबाड़ी केंद्र/ लर्निंग म्यूजिम के रूप में परिवर्तित किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों में 45 खाद्य पदार्थों से निर्मित रेडी टू ईट पैकेट की आपूर्ति की जा रही है, जिससे बच्चों को बेहतर पोषण मिल सके। कुपोषित बच्चों को भी कुपोषण उपचार केंद्र में भर्ती कर उन्हें कुपोषण मुक्त किया जा रहा है। वर्तमान में कुपोषण उपचार केंद्रों को अपग्रेड भी किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन एवं विदेश राज्यमंत्री ने जिला प्रशासन द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में गर्भवती महिलाओं के एएनसी जांच की व्यवस्था, केंद्रों को लर्निंग म्यूजियम के रूप में विकसित करने जैसे प्रयासों पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे राष्ट्रीय पटल पर रखने की बात कहीं। शिक्षा के क्षेत्र में भी जिला विभिन्न कैटेगरी में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है और यह क्रम अभी भी जारी है। उन्होंने छात्र - शिक्षक अनुपात, विद्यालयों में पेयजल की सुविधा, शौचालय की सुविधा आदि के संबंध में जाना। जिले के सभी विद्यालयों को भी लर्निंग म्यूजियम के रूप में विकसित किया गया है। विद्यालयों में आवशयकतानुसार अतिरिक्त कक्षाओं का भी निर्माण किया जा रहा है। विद्यालयों में स्मार्ट क्लास एवं टैब लैब भी है। वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन एवं विदेश राज्यमंत्री ने कृषि - जल संसाधन, बुनियादी ढ़ांचा एवं वित्तीय समावेशन और कौशल विकास के तहत जिले के प्रदर्शन की समीक्षा की। कृषि जल संसाधन के समीक्षा क्रम में उन्होंने जिले में कम सिंचाई की आवशयकता वाले धान की फसल की जानकारी ली।

बैठक में वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन एवं विदेश राज्यमंत्री ने कुछ सुझाव भी दिए इस क्रम में उन्होंने जिला कृषि विभाग को लघु सिंचाई में ड्रिप सिंचाई के साथ स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली का इस्तेमाल करने को कहा। वहीं, पहाड़ी एवं सिंचाई सुविधा कम वाले क्षेत्रों में औषधीय पौधा मदार की खेती के लिए किसानों को प्रेरित करने को कहा। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों को इस दिशा में कार्य करने को कहा ।बोकारो परिसदन में वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन एवं विदेश राज्यमंत्री ने गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं विधायक बोकारो श्वेता सिंह के साथ संवाद किया। उन्होंने जिले में संचालित विकास कार्यों के संबंध में जानकारी ली और आंकांक्षी जिला एवं आंकांक्षी प्रखंड से संबंधित उनके सुझावों को प्राप्त किया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अभय प्रसाद, जिला योजना पदाधिकारी राज शर्मा,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल चौबे, जिला कल्याण पदाधिकारी एन एस कुजूर, जिला पशुपालन पदाधिकारी डा. मनोज मणि, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, नोडल पदाधिकारी मनरेगा पंकज दूबे, जेएसएलपीएस डीपीएम सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## शशि भूषण ओझा मुकुल ने मंत्री से मिलकर गरगा नदी सहित अवैध कब्जा भूमि से अवगत करवाया

**बोकारो -**



स्वच्छ भारत अभियान झारखंड प्रदेश भाजपा के प्रदेश संयोजक सह स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान के महासचिव पर्यावरणविद शशि भूषण ओझा मुकुल ने बीते दिन बोकारो परिसदन में केंद्रीय राज्यमंत्री वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन कीर्ति वर्धन सिंह से मुलाकात कर उनका ध्यान गरगा नदी के प्रदूषण और अतिक्रमण तथा सतनपुर पहाड़ी के संरक्षण सहित इसके पास स्थित तेतुलिया मौज की लगभग 104 एकड़ वन भूमि पर गलत कागज बनाकर भू माफिया द्वारा जबरन कब्जा किए जाने की तरफ आकृष्ट कराया गया ।

वार्ता के क्रम में बताया कि चास नगर निगम क्षेत्र और बोकारो इस्पात संयंत्र के कॉलोनियों का प्रदूषित जल लगातार गरगा नदी में प्रवाहित किया जा रहा है जिससे यह नदी अत्यंत प्रदूषित होकर मर रही जबकि नदी प्रदूषण एक संज्ञेय अपराध भी है । साथ ही यह भी कहा कि इस नदी की उत्पति बोकारो जिला के कसमार प्रखंड के कलौंदी जलकुंड से है जो गौरवान्वित करने वाली एक पौराणिक कथा से जुड़ा हुआ है क्योंकि यह भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से संबंधित यहां आयोजित की गई यज्ञ से संबंधित है जिसमें पानी की कमी को दूर करने के लिए ऋषिश्रेष्ठ गर्ग ने इस नदी की धारा को अपने तपोबल से भूगर्भ से उत्पन्न किया था जो गर्ग गंगा के नाम से विख्यात हुई और तदंतर में इसी का अपभ्रंश नाम गरगा हो गया है । इस नदी का उद्गम स्थल भी पूरी तरह गाद से भरा है और अतिक्रमित भी है । इसके साथ यह भी बताया गया कि सतनपुर पहाड़ी के पास की लगभग 104 एकड़ वन भूमि भूमाफियाओं द्वारा गलत कागजात बनाकर अतिक्रमित कर न सिर्फ बेचा जा रहा है बल्कि अवैध तरीके से भवन निर्माण का भी कार्य किया जा रहा है जिससे पहाड़ी की सुंदरता तो समाप्त हो ही रही है साथ ही पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है जिसे तत्काल रोका जाना अत्यंत जरूरी है ।

मंत्री ने मुकुल की सारी बातों को पूरे ध्यान पूर्वक सुना और दिल्ली आने का आमंत्रण देते हुए कहा कि सारी बातों की लिखित और पूरी जानकारी मिलकर दें जिन्हें वे इत्मीनान से सुनकर और जानकारी लेकर इस पर निश्चित करवाई करेंगे । गरगा नदी के प्रदूषण को अत्यंत गंभीर मामला बताते हुए इसपर जल्द उचित करवाई करने का भरोसा दिया ।

इस अवसर पर गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, बोकारो जिला भाजपा के महामंत्री संजय त्यागी, समाजसेवी किशोर बोराल, भाजपा नेता माथुर मंडल, श्याम मंडल, विकास कुमार और संस्थान के पदाधिकारी अंकित मिश्रा आदि उपस्थित थे ।

## रोटरी क्लब चास द्वारा पंछियों के आश्रय के लिए घोंसले लगाए गए

- पर्यावरण संतुलन में पंछियों का अहम योगदान-संजय बैद



**बोकारो** –रोटरी क्लब चास द्वारा जैविक उद्यान में पेड़ों पर पंछियों के संरक्षण एवं उन्हें आश्रय प्रदान करने के लिए उद्देश्य से बने-बनाए घोंसले लगाए गए।

रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा की पंछी भी सृष्टि का महत्वपूर्ण अंग है,हमें पंछियों के संरक्षण एवं वन संरक्षण का समर्थन करना चाहिए। विनोद चोपड़ा ने अपील की कि पंछियों की सुरक्षा के लिए जागरूकता फैलाएं।

कार्यक्रम के संयोजक संजय बैद ने कहा की पंछी हमारे पर्यावरण का अभिन्न अंग है और उनकी देखरेख एवं सुरक्षा करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। संजय बैद ने कहा की पूर्व निर्मित घोंसले लगाने से पंछियों को सुरक्षा एवं संरक्षण मिलेगा। इस अवसर पर उपस्थित नगर सेवा (बागवानी) के उप महा प्रबंधक पी एस सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की परंपरागत गतिविधियों को व्यवहार में लाने की आवशयकता है।

रोटरी क्लब चास के सचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा कि ऐसे कार्यों में समाजसेवियों एवं सामाजिक।संगठनों को आगे आकर अपने घरों एवं आसपास पंछियों के संरक्षण की व्यवस्था करनी चाहिए। चयनित सचिव श्वेता रस्तोगी ने कहा की प्राकृतिक पर्यावरण में रहे इसके लिए पंछियों के अधिकारों का संरक्षण होना चाहिए। श्वेता रस्तोगी ने कहा कि रोटरी क्लब चास द्वारा पंछियों के संरक्षण की दिशा में आज एक अभिनव प्रयोग किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुमार अमरदीप, धनेश बंका,ललिता चोपड़ा, गौरव सिंह, प्रेम कुमार, गणेश महतो, जैविक उद्यान के मोहम्मद मुर्तुजा बेग, साहिल शिवम, रुस्तम आलम का सराहनीय योगदान रहा।

## राज्य मंत्री ने वन नगर चिन्हित भूमि सहित कसमार के एग्रोपार्क एवं कस्तूरबा विद्यालय का किया निरीक्षण राज्य मंत्री ने वन नगर चिन्हित भूमि सहित कसमार के एग्रोपार्क एवं कस्तूरबा विद्यालय का किया निरीक्षण

**बोकारो -**



वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन एवं विदेश राज्यमंत्री ने चास के कांड्रा के नगर वन का निरीक्षण किया। मौके पर जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी को उच्चस्तरीय नगर वन में विकसित किए जाने हेतु डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर स्वीकृति के लिए भेजे जाने के लिए निदेशित किया गया. वहीं, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन एवं विदेश राज्यमंत्री ने कसमार स्थित एग्रो पार्क का निरीक्षण किया। इस क्रम में जेएसएलपीएस की दीदीओं द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने दीदीओं से क्रमवार संवाद किया। उनके द्वारा बैंक से लिए गए ऋण, काम व आमदनी के संबंध में चर्चा की। माननीय मंत्री उनकी समस्याओं से भी रूबरू हुए। दीदीओं ने समूह से जुड़कर आर्थिक स्वलंबन के संबंध में अपनी बात रखीं। कहा कि कैसे वह खेती, मुर्गी पालन, बत्तख पालन आदि से आर्थिक रूप से समृद्धि हो रही है। मौके पर जेएसएलपीएस द्वारा लगाया गएं विभिन्न स्टाल का भी जायजा लिया। वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन एवं विदेश राज्यमंत्री ने कसमार स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं से क्रमवार संवाद किया। विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक गतिविधि को लेकर किए गए कार्यों जैसे आइटीसी लैब, पुस्तकालय, विद्यालयों को लर्निंग म्यूजियम के रूम में विकसित करने, छात्राओं द्वारा निर्मित पेंटिंग आदि का जायजा लिया। उन्होंने विद्यालय परिसर में आम का पौधा लगाया एवं छात्राओं के साथ समूह फोटो खिंचवाई। विद्यालय की व्यवस्था देख प्रसन्नता जताई। मंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पेटरवार का भी निरीक्षण किया। केंद्र में स्थापित मॉड्यूलर ओटी, कुपोषण उपचार केंद्र एवं अन्य सेवाओं का जायजा लिया।

## बी जी एच में ठेका श्रमिकों के रिव्यु मेडिकल चेकअप के लिए पंजीकरण

**बोकारो** – बी जी एच में जिन ठेका श्रमिकों को रिव्यु मेडिकल चेकअप के लिए सलाह दी गयी है, वैसे ठेका श्रमिक 18 ×फरवरी को सेक्टर 2-उ स्थित सुरक्षा प्रशिक्षण केंद्र में अपना पंजीकरण करा सकते है. पंजीकरण के लिए मेडिकल चेकअप रिपोर्ट को साथ में लाना अनिवार्य है. पंजीकरण के बाद रिव्यु कैंप की तिथि और समय के बारे में जल्द ही सूचित किया जायेगा. मेडिकल रिव्यु कैंप में सिर्फ पंजीकृत ठेका श्रमिकों का ही मेडिकल चेकअप किया जायेगा.

# विस्थापितों को नियोजन दिए बगैर फेसटू में नहीं होगा बरवाबेड़ा गांव का शिफ्टिंग कार्य।सांसद

**बोकारो थर्मल श्रमबिंदु।**



सीसीएल के खासमहल परियोजना फेसटू में सोमवार को विस्थापितों ने सभा का आयोजन किया साथ हीं सीसीएल प्रबंधन एवं प्रशासनिक पदाधिकारि के द्वारा बरवाबेड़ा गांव को पुनर्वासित करने को लेकर किए जा रहे जमीन मापी का कार्य को बंद करवा दिया। सभा में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे गिरिडीह के सासंद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि रैयतों के सहमति के बगैर जोर जबरदस्ती से रैयतों की जमीन में बरावेड़ा गांव का शिफ्टिंग करना गलत है। सीसीएल प्रबंधन पहले विस्थापितों के लम्बित मांगों के प्रति गंभीरता से विचार कर और समस्याओं का समाधान करे। जोर जबरदस्ती से अगर बोकारो थर्मल के फेसटू में बरवाबेड़ा गांव का शिफ्टिंग किया जाएगा तो विस्थापित विरोध करेंगे इस दौरान हर नुक्सान का जिम्मेवार सीसीएल प्रबंधन व प्रशासन होगा। इस मामला को सदन में भी उठाएंगे और विस्थापितों के समस्याओं का समाधान करवाएंगे।यहां सीसीएल प्रबंधन बरवाबेड़ा गांव के ग्रामीणों को बोकारो थर्मल फेसटू कॉलोनी में पुनर्वासित करवा रहे है । जिसका विस्थापित विरोध कर रहे हैं। विस्थापितों ने बताया कि सीसीएल प्रबंधन वर्ष 1978 को लगभग 168 एकड़ जमीन गोविंदपुर के रैयतों से अधिग्रहण किया था। जमीन के बदले 84 लोगों को नौकरी देने पर सहमति बनी थी परंतु सिर्फ 63 लोगों को ही नौकरी दिया गया है और 21 लोग अभी भी नौकरी मिलने का आस लगाए हुए है । वही इस सम्बन्ध में बेरमो अंचलाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने कहा की यहां के जमीन के बदले सभी रैयती को नौकरी सीसीएल के द्वारा दी जा चुकी है। किसी भी रैयतों का कुछ बाकी है तो साक्षय प्रस्तुत करे। अनावशयक विरोध बर्दास्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर बोकारो थर्मल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर शैलेन्द्र कुमार सिंह,एएसआई एके मेहता, जिप सदस्य,शहजादी बानो, खुशबू कुमारी,यशोदा देवी, सांसद प्रतिनिधि दीपक महतो,जितेंद्र यादव, डिग्री कॉलेज के शिक्षक दशरथ महतो, रौशन आरा, जानकी महतो अनवर आलम , सूरज महतो , मुन्ना साव, रामनरेश प्रजापति, विश्वनाथ यादव , बालेश्वर यादव, टेकलाल महतो, विश्वनाथ महतो, दशरथ महतो, अख्तर अंसारी,डब्बू अंसारी, आदि लोग उपस्थित थे।

न्यूज़ अपडेट

## सेन्द्रा में औरतों का इज्तिमा आयोजित ,

- कुरान पाक को मखरज के साथ पढ़ना ज़रूरी:- कारिया कनीज़ फातिमा,
- पाकी इबादत की कुंजी है:- आलिमा ज़ीनत कादरी,



**श्रमबिंदु /धनबाद** । लोयाबाद के मकतबे बाग-ए-आयशा, मदनाडीह-सेन्द्रा में औरतों के लिए साप्ताहिक ज़नाना इज्तिमा का आयोजन हुआ। इस इज्तिमा में लोयाबाद के विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं और बच्चियों ने शिरकत करके दीनी मसाइल और शरई अहकाम को सीखा। इस इज्तिमा की शुरुआत कलामे पाक की तिलावत से हुई। तस्मिया महज़बीन, नायरा परवीन और फरहा परवीन ने नात शरीफ के कलाम खूबसूरत अंदाज में पेश किए।

इस इज्तिमा में आलिमा कारिया कनीज़ फातिमा ने कराअत की बारीकियों को समझाया और बताया कि कुरान पाक को मखरज की अदायगी के साथ पढ़ना ज़रूरी है। साथ ही, उन्होंने नमाज़ की फजीलत और उसके मसले को बयां किया। आलिमा ज़ीनत कादरी ने अपने खिताब में तहारत पर रौशनी डाली। उन्होंने कहा कि पाकी ईमान का हिस्सा है। साफ-सफाई इबादत की कुंजी है। जब तक हम गुस्ल के मसले को नहीं समझेंगे, तब तक हमारी न वुज़ू दुरुस्त होगी और न कोई नमाज़ काबिले कुबूल होगी।

आयोजनकर्ता गुलाम गौस आसवी ने बताया कि यह दीनी और शरई इज्तिमा रमज़ान में भी जारी रहेगा, जिससे हमारी मां-बहनें रमज़ान के रोज़े के मसाइल और उसकी फज़ीलत से आगाह हो सकेंगी।

सायरा बानो, हाजरा खातून, अफसाना बानो, खुर्शीदा जमाल रोज़ी, मुस्कान परवीन, साजदा खातून, सना परवीन, सालेहा खातून, रेशमा खातून आदि मौजूद थीं।

## कोयलाभवन में 29 सूत्रीय मांगों को लेकर यूनाइटेड कॉल वर्कर्स यूनियन की वार्ता



**श्रमबिंदु /धनबाद** । यूनाइटेड कॉल वर्कर्स यूनियन (एटक) द्वारा आज कोयला भवन के सभागार में 29 सूत्रीय मांगों को लेकर वार्ता हुई जिसमें नियोजन पदोन्नति अस्पताल से रेफर जमीन से संबंधित नियोजन मुआवजा को लेकर सकारात्मक वार्ता हुई मुख्य रूप से लक्ष्मण महतो तुलसी साव संतोष गोराई एचडी पांडे य बसंत शर्मा सत्येंद्र गुप्ता विपिन राय पालचंद महतो नरेश महतो अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे प्रबंधन की ओर से जीएमआर एसपी राय सुरेंद्र भूषण मोहम्मद इसाक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सीआईएसएफ ने कराई मुहानों को बंद

**श्रमबिंदु /धनबाद। कतरास** । एरिया 5 अंतर्गत सीआईएसएफ ने सख्त कार्रवाई करते हुए मुहाने पर बुलडोजर चलाया। अवैध कारोबारी के नमक फैक्ट्री स्थित ठिकाने पर छापेमारी कर मुहाने की भराई कर दी गई, जिससे अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया। इस छापेमारी से इलाके में अवैध कोयला कटाई के कारोबार पर रोक लगने की संभावना जताई जा रही है।



## नियोजन देने की सहमति पर 45 घंटे बाद उठा शव

**श्रमबिंदु /धनबाद।** कतरास, सिजुआ एरिया 5 अंतर्गत तेतुलमारी कोलियरी में कार्यरत देव शंकर भुइयां का शव 45 घंटे के बाद अंततः उठाया गया। देव शंकर भुइयां का शव 15 फरवरी को झाड़ियों में पड़ा हुआ था, जिसके बाद परिजन 15 फरवरी को पीएसटी 2 खदान पर शव रखकर नियोजन की मांग कर रहे थे। 17 फरवरी को देव शंकर भुइयां के शव से दुर्गंध आनी शुरू हो गई। इसके बाद परिजन शव लेकर सिजूआ एरिया पहुंच गए। महाप्रबंधक सुधाकर प्रसाद ने ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता की और तीन माह में कागजी कार्रवाई पूरी कर के नियोजन देने पर सहमति बनी। साथ ही मृतक के आश्रितों को कंपनी के नियमों के अनुसार सारी सुविधाएं देने पर भी सहमति बनी। इसके बाद 45 घंटे के इंतजार के बाद देव शंकर भुइयां का शव उठाया गया। महाप्रबंधक श्री सुधाकर ने बताया कि देव शंकर भुइयां के मृत्यु प्रमाण पत्र में देरी होने के कारण परिजन मुद्दे से भटक गए थे, जिसके चलते समझौते में देरी हुई।

## महिला के पेट से निकला साढ़े चार किलो का ट्यूमर



**डुमरी।** क्षितिज हॉस्पिटल इसरी बाजार में डॉक्टर अथर नोमानी के द्वारा सोमवार को एक महिला मरीज का लगभग 4.5 किग्रा का ट्यूमर का ऑपरेशन किया गया।

बताया जाता है कि डुमरी प्रखंड अंतर्गत टेंगराखुर्द निवासी 51 वर्षीया पुसनी देवी का ट्यूमर का सफल ऑपरेशन डॉक्टर अथर नोमानी एवं बेहोशी डॉक्टर संतोष कुमार महतो के द्वारा किया गया। आपरेशन के बाद मरीज पूरी तरह से स्वस्थ बताई गई है।

# बीडीओ को पत्रकारों ने पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**श्रमबिंदु /धनबाद । निरसा,**

झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन निरसा विधानसभा क्षेत्र के पत्रकारों ने शनिवार को निरसा और एग्यारकुंड प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन राज्यपाल के नाम संबोधित है, जिसमें पत्रकारों पर हो रहे अत्याचार को रोकने और पत्रकारों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए ही सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की गई है।

पत्रकारों ने कहा कि आए दिन प्रिंट मीडिया और सोशल मीडिया कर्मियों को दबाने और डराने की कोशिश की जा रही है। कई मामलों में पत्रकारों को धमकी भी दी जाती है। पत्रकार पर झूठे मुकदमे भी किए गये हैं। अपहरण करने की कोशिश भी की जाती है। साथी ही साथ कई मामलों में उन्हें झूठे केस में फंसाने की धमकी दी जाती है।

जिससे उनकी स्वतंत्र पत्रकारिता बाधित हो रही है।

ऐसे में झारखंड राज्य में पत्रकार सुरक्षा कानून , छत्तीसगढ़ राज्य की तरह पत्रकार सुरक्षा कानून लागू होना चाहिए।

ज्ञापन सौंपने के दौरान झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के निरसा विधानसभा के अध्यक्ष- संजय कुमार शर्मा के सांथ झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के कर्मठ और जुझारू पत्रकार मौजूद थे जिसमें विजय कुमार शर्मा, राजकुमार कुमार सिंह, विजय कुमार श्रीवास्तव, पप्पू केवट, विजय सिंह । सुबल चंद्र तिवारी, मोहम्मद सलाउद्दीन, और अपना विचार रखने वाले पत्रकार संतोष कुमार साव, प्रदीप राज, चीनू कांजीलाल, मलय गोप, साथ में

निरसा विधानसभा के सभी पत्रकारों ने एक स्वर में कहा छत्तीसगढ़ राज्य की तरह झारखंड में भी पत्रकार सुरक्षा कानून लागू होना ही चाहिए।



## प्रेसवार्ता किया सेवानिवृत फौजी ने नौ लाख रूपये ठगी मामले में , डीजीपी से लगाई न्याय की गुहार

**श्रमबिंदु/धनबाद। निरसा,**

देश की रक्षा में तैनात रहे सेवानिवृत वायु सेना का एक फौजी से नौ लाख की ठगी किया गया है फौजी एग्यारकुण्ड पानी टंकी निवासी कुणाल पालित ने पुलिस पर अनुसंधान में लापरवाही का आरोप लगाया है। इस संबंध में पालित ने झारखण्ड डीजीपी, डीसी, एसएसपी, एंटी करप्शन ब्यूरो सहित अन्य को पत्र लिख आईओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आरोप लगाया कि आरोपियों से घूस लेकर उन्हें लाभ पहुंचाया जा रहा है। मुख्य आरोपी भोला राम सहित तीन ने आईओ की लापरवाही का लाभ लेकर कोर्ट से जमानत भी ले ली है। मामले में अन्य दो आरोपी राहुल कुमार गिरी व तपन मण्डल को जमानत नहीं मिली है। पुलिस की नजर में दोनों फरार हैं। जबकि दोनों छुट्टा घूम रहे हैं। दोनों को पकड़ने में पुलिस कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रही है। यहां तक कि मामला दर्ज हुए छह माह बीत गये हैं। लेकिन आईओ द्वारा वारंट के लिये कोर्ट में प्रार्थना पत्र भी दाखिल नहीं किया गया है। श्री पालित ने कहा कि पिछले 11 फरवरी को धनबाद एसएसपी एचपी जनार्दन से भी मिले एवं न्याय की गुहार लगायी।अगले दिन निरसा एसडीपीओ रजत माणिक बाखला से मिले। दो तीन बार गलफरबाड़ी ओपी प्रभारी दीपक दास से भी मिले। फरार आरोपियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की। साथ ही जमानत पर बाहर घूम रहे मुख्य आरोपी सहित तीनों की जमानत रद्द कराने की फरियाद की गयी। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। बता दें कि अगस्त माह में रिटायर्ड फौजी पालित ने गलफरबाड़ी ओपी में एफआईआर दर्ज करायी थी। जिसमें मु×गमा के भालुकसूंदा निवासी भोला राम, नीरज सिंह, गुड्डू, राहुल गिरी व तपन मंडल पर नौ लाख ठगी का आरोप लगा है। रिफैक्ट्री व्यवसाय के नाम पर चार लाख नगद और पांच लाख आनलाइन भुगतान करने की बात कही गयी है।



## सीओ से मुखिया संघ ने पंचायतों में कर्मचारियों के पदस्थापन को लेकर की मुलाकात



**श्रमबिंदु /धनबाद । चिरकुंडा/** एग्यारकुण्ड प्रखण्ड के मुखिया संघ अध्यक्ष काकुली मुखर्जी के नेतृत्व में विभिन्न पंचायतों के मुखिया का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को सीओ कृष्ण कुमार मराण्डी से एग्यारकुण्ड अंचल कार्यालय में मिला। हर पंचायत में सप्ताह में दो दिन हल्का कर्मचारी के बैठने की मांग की। कहा कि ग्रामीणों को भूमि संबंधी, जाति आवासीय सहित अन्य जरूरी काम के लिये अंचल कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। जिससे उन्हें काफी परेशानी होते है।

अंचल कार्यालय में दलालों के चक्कर में आ जाते हैं। मुखियाओं ने सीओ से दलालों पर अंकुश लगाने की भी मांग की। शनिवार को अमीन का भांजा द्वारा कर्मचारी भवन में करतूत का मामला भी उठा और कार्रवाई की मांग की गयी। सीओ मराण्डी ने कहा कर्मचारियों की घोर कमी है। बावजूद उन्होंने हर पंचायत में सप्ताह में दो दिन कर्मचारी के बैठने का भरोसा दिया । इस पहल से गांव के लोगों को प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा, सभी मुखिया इस बातों पर सहमत हुए और सीओ को धन्यवाद दिए।

## दिवंगत एस पी राय को 16वीं पुण्यतिथि पर दी गई श्रध्दांजलि

**श्रमबिंदु /धनबाद ।**

17 फरवरी सोमवार को विद्या विहार गर्ल्स हाई स्कूल, सुदामडीह में विद्यालय के संस्थापक माइनिंग इंजीनियर स्वड्ड एसड्ड पीड्ड राय, पूर्व मंत्री बिहार सरकार, मजदूर नेता एवं समाज सेवक की 16वीं पुण्यतिथि फूल माला एवं श्रद्धांजली दे कर मनायी गयी। स्वड्ड राय के बड़े पुत्र संदीप कुमार राय सचिव ₹एसड्डपीड्डराय एजुकेशनल एन्ड सोशल डेभलपमेंट सोसाइटी₹ ने श्रद्धा सुमन आर्पित करते हुए इस अवसर पर स्वड्ड राय के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वड्ड राय का जन्म 24 नवम्बर 1942 को भागलपुर के एक गांव गौरीपुर में हुआ था वे धनबाद से दो बार विधायक एवं सरकार में स्वास्थ्य मंत्री थे तथा एनड्डएफड्डआईड्डटीड्डयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। स्वड्ड राय के द्वारा समाज के हित में किए गए कई कार्यो का उल्लेख करते हुए इस विद्यालय की स्थापना के बारे में विस्तार से बताया कि गरीब और कमजोर तबके से आने वाले बच्चों को शिक्षित करने का पुनीत कार्य विद्यालय द्वारा किया जा रहा है जो स्वड्ड राय का सपना था।उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर समाज की भलाई करने और सेवा करने का संकल्प लिया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती शुभ्रा राय ने श्रद्धांजली देते हुए कहा कि स्वड्ड राय ने इस स्कूल की स्थापना किया ताकि समाज का कोई भी तबका अशिक्षित न रह जाए। सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों को स्वड्ड राय साहब के बताए रास्ते पर चलकर उनके सपने को पूरा करने को कहा।

इस अवसर पर श्रीमती अटलान्टा, निरुपमा कुमारी, पी गुहा, बबलू ठाकुर, कार्तिक रजवार, कार्तिक महथा, मनीष कुमार, बेबी राय, आशा देवी, पूजा कुमारी, पिंकी कुमारी सहित कई छात्र/छात्राएं, अभिभावक, तथा अतिथिगण ने पुष्प चढ़ा कर श्रद्धांजलि अर्पित की।



## परियोजना में उत्पादन को लेकर उत्पादक्त्ता सप्ताह का आयोजन

**श्रमबिंदु /धनबाद । तिसरा।** टीम वर्क के साथ काम करने से कोई भी काम मुश्किल नहीं है उक्त बातें बस्ताकोला क्षेत्र के महा प्रबंधक अनिल कुमार सिन्हा ने के ओ सी पी विभागीय परियोजना 14 नंबर हाजिरी घर के समीप बेहतर उत्पादन करने वाले अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि परियोजना में उत्पादन एवं उत्पादकता सप्ताह के तहत 10 फरवरी से 16 फरवरी तक जिस शिफ्ट में अधिक उत्पादन हुआ है उनको प्रोत्साहन देने का काम किया जा रहा है। इसका मकसद केवल एक ही है कि अधिक से अधिक कोयला उत्पादन हो। सप्ताह में अधिक उत्पादन करने वाले स्विफ्ट इंचार्ज शशि उरांव को सम्मानित किया गया। इन्होंने 122 टिप कोयला एवं 524 टिप ओबी का उत्पादन इनके देखरेख में किया गया। द्वितीय स्थान पर निरंजन पांडे जब की तृतीया स्थान पर संजय पासवान के नेतृत्व में उत्पादन हुआ। महाप्रबंधक ने कहा कि हम लोगों का मकसद केवल मार्च तक अपनी उत्पादन लक्ष्य अधिक उत्पादन करना है कंपनी का नाम रोशन करना है। मौके पर अपर महाप्रबंधक टी पासवान क्षेत्रीय प्रबंधक कार्मिक अभिषेक राय सतीश मिश्रा परियोजना पदाधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह प्रबंधक चंद्रशेखर सिंह दीपक कुमार अजय सिंह एन दास सर्वेक्षण पदाधिकारी नरेंद्र कुमार संयुक्त मोर्चा के तुलसी रवानी प्रभास सिंह उमेश कुमार जगदीश साव शिवेंद्र सिंह भारत सिंह हराधन मोदक आदि लोग मौजूद थे।



## प्रयागराज में महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं ने धनबाद स्टेशन पर ट्रेन पर किया कब्जा, पटरी पर गिरे 2 यात्री

**श्रमबिंदु /धनबाद** । प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में जाने के लिए धनबाद स्टेशन पहुंचे श्रद्धालुओं ने यार्ड में जाने के लिए खड़ी ट्रेन पर कब्जा कर लिया. 2 यात्री रेलवे ट्रैक पर गिर गये,

धनबाद रेलवे स्टेशन पर सोमवार को कुंभ जाने के लिए यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. रैक के अभाव में रेलवे ने कुंभ स्पेशल ट्रेन चलाने में असमर्थता जता दी. भीड़ ने लूप लाइन पर खड़ी डाउन गंगा-सतलज ट्रेन के खाली रैक पर कब्जा कर लिया. बार-बार घोषणा के बावजूद कोई भी यात्री ट्रेन से नहीं उतर रहा. अप गंगा-सतलज एक्सप्रेस ट्रेन की रैक लगते ही चढ़ने के लिए यात्रियों में आपाधापी मच गयी. अनियंत्रित होती भीड़ को संभालने के लिए जैप-5 के जवानों को स्टेशन पर तैनात कर दिया गया है. खुद रेल एसपी अजीत कुमार स्टेशन परिसर में कैंप कर रहे हैं. रेलवे की तरफ से दूसरी जगह से रैक मंगवाने की तैयारी चल रही है. इस बीच 2 यात्री रेल पटरी पर गिर गये. दोनों यात्री बाल-बाल बचे ,



महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं ने धनबाद स्टेशन पर ट्रेन पर किया कब्जा, पटरी पर गिरे 2 यात्री 4

» हावड़ा–प्रयागराज कुंभ स्पेशल ट्रेन गयी खाली

सोमवार को शाम से ही धनबाद स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ जुटने लगी थी. इससे पहले शाम में हावड़ा-प्रयागराज कुंभ स्पेशल ट्रेन धनबाद स्टेशन गुजरी. यात्रियों को इसकी जानकारी नहीं होने की वजह से लोग उस ट्रेन में नहीं चढ़े. भीड़ बढ़ने से रोकने के लिए यात्रियों को बिना टिकट के प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा, प्रवेश द्वार पर जैप जवानों की तैनाती की गयी है,

» पटरी पर चलकर गंगा–सतलज के खाली डिब्बे में चढ़ गये श्रद्धालु

रात में प्लेटफॉर्म नंबर 2 और 3 के बीच लूप लाइन पर खड़ी डाउन गंगा-सतलज एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ने के लिए लोग पटरी पर चलकर चले गये, यात्री ट्रेन में घुस गये, बार-बार आग्रह करने के बावजूद ट्रेन को देर रात तक खाली नहीं किया, पुलिस सभी को मनाने में लगी है, रेलवे प्रशासन से विशेष ट्रेन चलाने का आग्रह किया गया है. मुगलसराय रेल मंडल से रैक मंगाने की तैयारी चल रही है ।

## पाइप लाइन विस्तारीकरण का कार्य शुरू हुआ शिवलीबाड़ी उत्तर पंचायत के अली मोहल्ला की और



**श्रमबिंदु /धनबाद** । चिरकुंडा, राजपुरा खदान से शिवलीबाड़ी उत्तर पंचायत के अली मोहल्ला की और पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य प्रारंभ 400 लोगों को मिलेगा इसका लाभ। राजपुरा खदान से शिवलीबाड़ी उत्तर पंचायत के अली मोहल्ला की और पाइप लाइन विस्तारित करण कार्य का प्रारंभ सोमवार की सुबह पूर्व मुखिया मोहम्मद सनोवर की देख रेख में शुरू हुआ। कार्य रहमत नगर से खुदाई का कार्य जेसीबी के माध्यम से किया गया,

मौके पर पूर्व मुखिया मोहम्मद सनोवर ने बताया कि राजपुरा कोलियरी के सौजन्य से 220 फीट पाइप लाइन का विस्तारीकरण किया जा रहा है। इससे लगभग 400 लोगों को सीधा लाभ मिलेगा, वहीं ग्रामीण महिलाओं ने कहा कि अली मोहल्ला में पानी की काफी किल्त है खदान का पानी आ जाने से हम लोगों को नहाने धोने में काफी मददगार होगा। इसके लिए पूर्व मुखिया मोहम्मद सनोवर को धन्यवाद देता हूं।




स्वामी, शिव श्रीवास्तव के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक संतोष पाठक द्वारा फ्लैट नं. 4 ई नलिनी पैलेस, एलबर्ट कम्पाउंड पुरुलिया रोड, रांची 8340 01 से प्रकाशित तथा फारूकी तंजीम प्रेस चटर्जी कम्पाउन्ड बहुबाजार से मुद्रित।
संपादक संतोष पाठक *पीआरबी एक्ट के अनुसार समाचार चयन हेतु जिम्मेदार मो. 7979985594 ईमेल - shrambindujharkhand@gmail.com